रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026 ■ अश्विन मास कृष्ण पक्ष-07 ■ वर्ष : 30, अंक : 240 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 37.9, न्यून. 19.7 haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



एशियन गेम्स 14वां दिन

10 पदक

गोल्ड	सिल्वर	ब्रॉन्ज	कुल
16	25	35	76

चरखी दादरी के सुजीत ने ताजिकिस्तान के खिलाड़ी को 10-9 से पछाड़ जीता सोना



आखिरी 11 सेकेंड में पासा पलटा

रेसलिंग के पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में चरखी दादरी के सुजीत कलकल ने ताजिकिस्तान के अब्दुलमजीद कुडिएव को 10-9 से हराया। मुकाबले में एक समय सुजीत 2-9 से पीछे थे और सिर्फ 1 मिनट 40 सेकंड का खेल बाकी था। इसके बाद उन्होंने लगातार टेकडाउन किए। आखिरी 11 सेकंड में एक और टेकडाउन से 2 अंक लेकर स्कोर 10-9 कर दिया और गोल्ड जीत लिया।

ऐसे मिले गोल्ड पर गोल्ड

पहला: सुबह भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने रिकर्व इवेंट में गोल्ड जीता था।
दूसरा: बॉक्सर परवीन हुड्डा ने महिला के 65 किग्रा में गोल्ड जीता।
तीसरा: लवलीना बोरगोहेन ने विमेंस 75 किग्रा में गोल्ड जीता।
चौथा: बॉक्सर अंकुश पंघाल ने पुरुषों की 80 किग्रा में गोल्ड जीता।
पांचवां: सुजीत कलकल ने अंकुश के गोल्ड से पहले पुरुष रेसलिंग के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में गोल्ड जीता।
छठवां: विमेंस हॉकी फाइनल में भारत ने चीन को हराकर गोल्ड जीता।

हरियाणावियों का स्वर्णिम दिन

कुश्ती, बॉक्सिंग, तीरंदाजी से लेकर हॉकी में छाए म्हारे खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ नागोया (जापान)

एशियन गेम्स में शुक्रवार का दिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए स्वर्णिम रहा। हरियाणा के खिलाड़ी ने गोल्ड सहित कई पदक कब्जाए। कुश्ती से लेकर बॉक्सिंग और तीरंदाजी से लेकर हॉकी पर हरियाणा के खिलाड़ी छाए रहे। भारतीय महिला हॉकी टीम ने 44 साल बाद गोल्ड जीत लिया। हॉकी टीम में अधिकतर खिलाड़ी हरियाणा के हैं। हॉकी में भारत ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराया। सुजीत कलकल ने कुश्ती में शानदार वापसी करते हुए गोल्ड अपने नाम किया। मुक्केबाजी में परवीन हुड्डा, लवलीना बोरगोहेन और अंकुश पंघाल ने स्वर्ण जीतकर भारत को गोल्डन हैट्रिक दिलाई, वहीं महिला रिकर्व टीम ने भी स्वर्ण पदक हासिल किया।



परवीन हुड्डा

रोहतक की खिलाड़ी परवीन हुड्डा ने महिला के 65 किलोग्राम के फाइनल में चेन निएन-चेन को 3-2 से हराकर गोल्ड जीता।



हिसार के खिलाड़ी अंकुश पंघाल ने 4-0 से जीता मैच

हिसार के खिलाड़ी अंकुश पंघाल ने पुरुषों की 80 किग्रा कैटेगरी के फाइनल में साउथ कोरिया के किम मिन-सियोंग को 4-0 से हराकर गोल्ड जीता। वह 2018 के बाद एशियन गेम्स में बॉक्सिंग गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बने।

जन्म दिन पर लवलीना ने लगाया गोल्डन पंच

लवलीना बोरगोहेन ने अपने 29वें जन्म दिन पर विमेंस 75 किग्रा फाइनल में चीन की बाओ जिया को 5-0 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। इस तरह पहली बार एक ही एशियन गेम्स में 3 भारतीय बॉक्सर चैंपियन बने। लवलीना का यह पहला एशियाई स्वर्ण पदक है।

आर्चरी में महिला रिकर्व टीम चैंपियन

कुमकुम मोहोड, अंकिता भक्त और कीर्ति की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने गोल्ड जीता। इससे पहले टीम ने सेमीफाइनल में चीन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। रिकर्व में एक सेट जीतने पर 2 सेट पॉइंट मिलते हैं और 5 सेट पॉइंट हासिल करने वाली टीम मुकाबला जीतती है।



पुरुष टीम को सिल्वर

इवेंट में भारत की पुरुष रिकर्व टीम को सिल्वर मिला। कुमकुम मोहोड और धीरज बोम्मदेवरा की मिक्स्ड रिकर्व टीम ने भी सिल्वर जीता। सेलिंग में नेत्रा कुमानन ने विमेंस डिंगी में ब्रॉन्ज अपने नाम किया, जबकि मेंस सेपकटकरा टीम ने भी ब्रॉन्ज जीता।

मिक्स्ड रिकर्व में पहली बार पदक

धीरज बोम्मादेवरा और कुमकुम अनिल मोहोद की जोड़ी ने मिक्स्ड रिकर्व में भारत को पहला एशियाई खेल पदक दिलाया। फाइनल में भारत को चीन के खिलाफ 3-5 से हार मिली और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने तीसरा सेट 37-36 से जीतकर वापसी की कोशिश की, जबकि चौथे सेट में दोनों टीमों का स्कोर 37-37 रहा। (पैकेज खेल पेज पर)

सेलिंग में नेत्रा को कांस्य

महिलाओं की डिंगी सेलिंग में नेत्रा कुमानन ने कांस्य पदक जीता। दो रेस की फाइनल सीरीज के बाद नेत्रा 14 नेट पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। नेत्रा फाइनल की पहली रेस में छठे स्थान पर थीं, लेकिन दूसरी रेस जीतकर उन्होंने शानदार वापसी की।

सेपकटकरा में भी भारत को कांस्य

पुरुष सेपकटकरा टीम को सेमीफाइनल में जापान के खिलाफ 0-2 से हार मिली। भारत ने दोनों सेट 12-15 और 13-15 से गंवाए। इसके साथ ही भारतीय टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने ग्रुप चरण में लाओस, वियतनाम और म्यांमार को हराया था।

महिला हॉकी ने 44 वर्ष का इंतजार खत्म किया

लालरेमसियामी ने 10वें मिनट में गोल किया



▶▶ दिन की सबसे बड़ी उपलब्धि भारतीय महिला हॉकी टीम के नाम रही। भारत ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर एशियन गेम्स का स्वर्ण पदक जीत लिया। इसके साथ ही भारत ने महिला हॉकी में 44 साल से चले आ रहे स्वर्ण पदक के सूखे को खत्म कर दिया। भारत के लिए लालरेमसियामी ने 10वें मिनट में मैदानी गोल किया।

▶▶ इसके बाद चीन ने लगातार दबाव बनाया और दूसरे क्वार्टर में उसे पेनल्टी स्ट्रोक भी मिला, लेकिन अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने शानदार बचाव करते हुए चीन को बराबरी नहीं करने दी। भारतीय डिफेंस ने पूरे मुकाबले में चीन के हमलों का मजबूती से सामना किया।

मुक्केबाजी का स्वर्णिम प्रदर्शन



एशियन गेम्स में भारतीय मुक्केबाजों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 6 पदक अपने नाम किए। लवलीना बोरगोहेन, परवीन हुड्डा, अंकुश पंघाल, प्रिया घणघस, कपिल पोखरिया और नरेंद्र बेरवाल सहित पूरी भारतीय टीम को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। तिरंगे की शान बढ़ाने वाले हमारे मुक्केबाजों को सलाम। - *कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्त मंत्री*

हरियाणा का कोई मुकाबला नहीं



प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि खेल के मैदान में उनका कोई मुकाबला नहीं है। यह हमारे युवाओं की उस अदम्य इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम का परिणाम है जो उन्होंने दिन-रात पसीना बहाकर हासिल किया है। बॉक्सर्स व अन्य खेलों के एथलीटों ने रिंग और अखाड़े से लेकर ट्रैक तक अपनी धाक जमाई है। - **मेजर सत्यपाल सिंधु, अध्यक्ष, हरियाणा बॉक्सिंग एसोसिएशन**

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना हरियाणा
माह : अक्तूबर
दिनांक : 03 अक्तूबर 2026

खबर संक्षेप

मीठी नदी घोटाले में डिनो मोरिया गिरफ्तार

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर डिनो मोरिया को मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्लू) ने कथित मीठी नदी डीसिल्टिंग घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। इससे पहले मुंबई में बांद्रा स्थित उनके घर पर डिनो मोरिया से करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। यह मामला मुंबई की मीठी नदी में डीसिल्टिंग और कायाकल्प (के काम में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। *एजेंसी*

अमरावती में भीषण हादसा, 7 की मौत

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती में समृद्धि हाईवे पर गुरुवार को एक ट्रक और टेंपो पिकअप के बीच टक्कर हो गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई और 19 दूसरे घायल हो गए। यह हादसा धामनगांव रेलवे स्टेशन के पास हुआ। टेंपो में श्रद्धालु सवार थे जो राज्य के बुलढाणा में मौजूद मशहूर तीर्थस्थल शेगांव से दुर्गा प्रतिमा लेकर वर्धा जा रहे थे, तभी ट्रक से टक्कर हुई। *एजेंसी*

भारतीय हॉकी अंपायर पर यौन शोषण के आरोप

नागोया। एशियन गेम्स 2026 के दौरान भारतीय हॉकी अंपायर गुरिंदर सिंह सांघा पर यौन शोषण के आरोप लगे हैं। मलेशिया की एक महिला हॉकी अधिकारी ने शिकायत की थी कि बातचीत के दौरान सांघा ने उन्हें कई बार गले लगाने की कोशिश की और किस भी किया। सांघा पर यह भी आरोप है कि उन्होंने होटल स्टाफ को आपत्तिजनक वीडियो दिखाए। पुलिस में शिकायत करने की धमकी भी दी। *एजेंसी*

दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज पर 100 किमी रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

रेलवे ने जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत का वीडियो पोस्ट किया - यह पुल एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा

जम्मू। भारतीय रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में 1178 फीट की ऊंचाई पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर वंदे भारत एक्सप्रेस को 100 किमी प्रति घंटे की स्पीड से सफलतापूर्वक क्रॉस कराया। इतना ही नहीं, वंदे भारत एक्सप्रेस ने भारत के पहले केबल-स्टे वाले अंजी ब्रिज को भी 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से क्रॉस किया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका वीडियो भी शेयर कर इसे ऐतिहासिक पल बताया। इस सफल ट्रायल के बाद



111 किलोमीटर लंबे श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बनिहाल सेक्शन पर अधिकतम ट्रेन की स्पीड को 75 किमी/घंटा से बढ़ाकर 100 किमी/घंटा कर दिया गया है।

नूंह में सीएम फ्लाइंग की बड़ी कार्रवाई

जिला खेल अधिकारी समेत 5 पर 8.37 लाख के गबन का केस

नूंह। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की जांच के आधार पर नूंह शहर थाना में जिला खेल विभाग से जुड़े 5 लोगों के खिलाफ सरकारी धन के दुरुपयोग और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम तथा आउटसोर्सिंग के तहत अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारियों ने जिला खेल विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर खेल नर्सरियां अपने नाम आवंटित करवाईं और नर्सरी कोच के रूप में वेतन प्राप्त कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए रिकॉर्ड, दस्तावेजों और संबंधित व्यक्तियों के बयानों के आधार पर आरोप लगाया गया है कि मोहम्मद असफाक, साजिद खान, मनोज कुमार कोच एवं कार्यकारी जिला खेल अधिकारी, मनोज शर्मा जिला खेल अधिकारी तथा राममेहर उप अधीक्षक, जिला खेल अधिकारी कार्यालय ने आपसी साजिश और मिलीभगत के तहत नर्सरी कोच नियुक्तियों में अनियमितताएं कर कुल 8 लाख 37 हजार 65 रुपये सरकारी खजाने से वेतन के रूप में प्राप्त किए।

मिलीभगत कर खेल नर्सरियां अपने नाम आवंटित की

चुनाव आयोग 20 राज्यों में अभियान चलाएगा

एसआईआर में छूटे और नए वोटर्स के नाम जोड़े जाएंगे

नई दिल्ली। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पूरा कर चुके 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव आयोग विशेष अभियान चलाएगा। इसमें एसआईआर के दौरान छूटे लोगों और 18 साल की उम्र पूरी कर चुके नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। चुनाव आयोग ने यह निर्देश 29 सितंबर को लिखित रूप में दिया था। सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस में भी इसे दोहराया गया। पहले और दूसरे फेज में 13 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं, तीसरे फेज में 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर



पहले और दूसरे फेज की प्रक्रिया पूरी, महाराष्ट्र में 2 करोड़ नाम कटे

प्रक्रिया जारी है। इनमें से 7 राज्यों में लिस्ट जारी हो चुकी है। हालांकि, ईसी ने तीसरे फेज के 7 राज्यों के नाम नहीं बताए हैं। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा दो करोड़ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से बाहर हुए हैं।

हटाए गए नामों की भी जांच होगी

इसके अलावा आयोग ने समीक्षा के लिए एक कमेटी बनाने का फैसला किया है। इसमें विशेषज्ञ शामिल होंगे। जरूरत के मुताबिक सॉफ्टवेयर में बदलाव किए जाएंगे। चुनाव आयोग एसआईआर से पहले और बाद की मतदाता सूचियों की तुलना कराएगा, ताकि गलती से हटे पात्र मतदाताओं की पहचान हो सके। बीएलओ घर जाकर ऐसे लोगों की जांच करेंगे। डुप्लीकेट या मृत नहीं पाए जाने पर फॉर्म 6 के जरिए नाम दोबारा जोड़ा जाएगा। इसमें राजनीतिक दलों और बूथ लेवल एजेंटों की मदद भी ली जाएगी।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के दो क्षेत्रीय अफसर सस्पेंड

शिकायतों के फीडबैक पर सीएम का एक्शन

बिल्डर द्वारा सीवेज शोधन संयंत्र का उचित संचालन नहीं किए जाने पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में नागरिकों द्वारा विभिन्न माध्यमों से दर्ज कराई गई शिकायतों पर लिए गए फीडबैक के आधार पर अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए बड़ा एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री ने एक शिकायत के मामले में बिल्डर द्वारा सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) का उचित संचालन नहीं किए जाने पर गुरुग्राम के दोनों क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा गलत रिपोर्टिंग को स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गुरुग्राम जिले में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम के तेज गति से हो रहे विस्तार को ध्यान में रखते हुए शहर के विकास की योजनाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को आधुनिक, सुव्यवस्थित और नागरिक सुविधाओं से परिपूर्ण शहर के रूप में विकसित करने के लिए मौजूदा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ आने वाले वर्षों की जरूरतों का भी समुचित आकलन किया जाए। मुख्यमंत्री ने शहर में बेहतर सड़कों एवं यातायात व्यवस्था, पर्याप्त पेयजल, आधुनिक आवासीय एवं व्यावसायिक सुविधाओं, स्वच्छ एवं विकसित बाजारों, हरित पट्टियों और पार्कों के विस्तार के साथ खेल, मनोरंजन तथा नागरिक सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

कंपनी ने खुद किया खुलासा

एआई मॉडल्स कंट्रोल से बाहर 100 संस्थानों में की सेंधमारी

नई दिल्ली। चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई के मॉडल ने 100 से ज्यादा संस्थानों के सिस्टम में जबरन घुसपैठ की कोशिश की है। कंपनी ने खुद इसका खुलासा किया है। कंपनी अब अपने एआई मॉडल्स के ट्रेनिंग और टेस्टिंग से जुड़े 50 पेटाबाइट डेटा की जांच कर रही है, ताकि अब तक मिले मामलों के अलावा भी कोई गड़बड़ी हुई हो, तो उसे पकड़ा जा सके। इस जांच के लिए 7 हजार अत्याधुनिक जीबी200 और जीबी300 जीपीयूएस लगाए गए हैं। इसमें रोज करीब 5 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। ये डेटा कितना ज्यादा है इसे उदाहरण से समझें। अगर यह पूरा डेटा सामान्य अंग्रेजी शब्दों में लिखा हो, तो एक इंसान 240 शब्द प्रति मिनट की तेज रफ्तार से बिना रुके भी पढ़े, तो इसे खत्म करने में करीब 6.6 करोड़ साल लग जाएंगे। इंसानों के बस से बाहर होने के कारण इस काम को भी एआई मॉडल्स से कराया जा रहा है। जांच को ज्यादा सटीक बनाने के लिए ज्यादा कंप्यूटिंग पावर लगाई जा रही है।

गलती पकड़ने के लिए एआई से ही 50 पेटाबाइट डेटा जांचना होगा

इसके अलावा भी कोई गड़बड़ी हुई हो, तो उसे पकड़ा जा सके

प्रधानमंत्री मोदी ने कैप्टन स्मित से की वीडियो कॉल

मोदी बोले, पूरा देश आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहा

घायल था पर हिम्मत नहीं हारी, हनुमान चालीसा पढ़ते हुए कॉकपिट का दरवाजा खोला : माच्छर

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 174 जान बचाने वाले भारतीय पायलट स्मित माच्छर से करीब 9 मिनट वीडियो कॉल पर बात की। स्मित ने दो दिन पहले दुबई से तेल अवीव जा रहे प्लेन की हाइजैकिंग नाकाम की थी। ओमानी को-पायलट ने उन्हें चाकू मारा। स्मित ने फिर भी प्लेन क्रैश नहीं होने दिया। मोदी ने स्मित से कहा, पूरा देश आपके लिए प्रार्थना कर रहा था और आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहा था। आपके साहस और सूझबूझ से कई लोगों की जान बची। बातचीत के दौरान स्मित ने बताया कि वह विमान उड़ा रहे थे और एक झटके के बाद नीचे गिर गए, जिससे काफी चोटें आईं। इसके बावजूद उन्हें महसूस हो रहा था कि विमान नीचे जा रहा है। स्मित ने कहा, "मुझे पता था कि यह आखिरी मौका है। दरवाजा वहीं था और मैंने उसे खोल दिया। मैं मुश्किल समय में हनुमान चालीसा पढ़ता हूं और उस समय भी पढ़ रहा था। मुझे पता है कि भगवान ने ही हमें बचाया।"

आपके साहस और सूझबूझ से कई लोगों की जान बची

बात करते हुए भावुक हुए स्मित

पीएम से बात करते हुए स्मित भावुक हो गए। उन्होंने कहा, 'आपका फोन आया, यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। माफ कीजिए सर, मैं आपके सामने रो रहा हूं। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मेरी आपसे बात होगी।' मोदी ने कहा कि आपने इतना बड़ा काम किया है कि देश का हर नागरिक और दुनिया के लोग आपको देखना और आपसे बात करना चाहते हैं। आपने हनुमान चालीसा के बारे में जो बताया, उसके लिए मैं आपकी मां गीताबेन को प्रणाम करूंगा कि उन्होंने आपको ऐसे संस्कार दिए। मैं आपके पिता भूपेंद्रभाई को भी प्रणाम करूंगा।



अस्पताल में भर्ती हैं कैप्टन

कैप्टन स्मित अभी यूएई के अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें कल सऊदी अरब से एयरलिफ्ट करके अबू धाबी ले जाया गया। यूएई में भारत के राजदूत दीपक मित्तल ने अस्पताल में कैप्टन स्मित और उनके परिवार से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया था कि पायलट की हालत स्थिर है और वे तेजी से ठीक हो रहे हैं। उनका मनोबल भी ऊंचा है। मित्तल ने कहा कि कैप्टन को अच्छा इलाज मिल रहा है और भारतीय दूतावास वहां के अधिकारियों के लगातार संपर्क में है। राजदूत ने कैप्टन स्मित को भारत का बहादुर बेटा बताया। उन्होंने कहा कि हवा में आपात स्थिति के दौरान उनकी बहादुरी से सैकड़ों लोगों की जान बची और एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

खबर संक्षेप



80 किसानों ने सीखी मशरूम उत्पादन की तकनीक

करनाल। उद्यान प्रशिक्षण संस्थान, उचानी (करनाल) में आयोजित 5-दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्रगतिशील किसानों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ। यह राज्यस्तरीय प्रशिक्षण शिविर 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चला। जिसमे हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए 80 किसानों ने मशरूम खेती की बारीकियों को सीखा।
कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. प्रीति यादव ने समापन अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में देश का एक अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।

नशा तस्करों का नेटवर्क ध्वस्त करेंगे : डीजीपी

पंचकूला। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल ने शुक्रवार पुलिस मुख्यालय, पंचकूला में प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों, पुलिस महानिरीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश में नशा तस्करों के नेटवर्क तोड़ने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। नशा तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने और प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

कल्याण ने लोक सभा अध्यक्ष से की मुलाकात



चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार देर शाम नई दिल्ली में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पीठासीन अधिकारियों के बीच नवंबर माह में हरियाणा विधान सभा की ओर से आयोजित किए जाने वाले संविधान पखवाड़े सहित विभिन्न विधायी एवं संसदीय विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

गुरुग्राम में जीवीपी मुक्त अभियान का शुभारंभ

चंडीगढ़। हरियाणा में 17 सितंबर से चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा जीवीपी मुक्त अभियान की शुरुआत गुरुग्राम से की गई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महरौली रोड पर डीएचबीवीएन कॉलोनी के पास नगर निगम गुरुग्राम द्वारा विकसित किए गए जीवीपी मुक्त स्थल का निरीक्षण कर अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने लोगों से सफाई में योगदान देने की अपील की।

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से स्टार्टअप हरियाणा-सेवा संकल्प की शुरुआत

विचारों को कारोबार में बदलने का मंच देगा 'स्टार्टअप हरियाणा' : नायब सैनी

प्रदेश के सभी 23 जिलों में आइडियाथॉन आयोजित किए जाएंगे: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



हरियाणा के युवाओं और उभरते उद्यमियों को अपने विचारों को कारोबार में बदलने का मंच देने के लिए प्रदेश सरकार ने तीन महीने के राज्यव्यापी कार्यक्रम 'स्टार्टअप हरियाणा सेवा संकल्प-विचार से विस्तार तक' का शुभारंभ किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके तहत प्रदेश के सभी 23 जिलों में आइडियाथॉन आयोजित किए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य तीन लाख से अधिक इच्छुक उद्यमियों और स्टार्टअप्स को कार्यक्रम से जोड़ना, 50 उच्च संभावना वाले फाइनलिस्ट तैयार करना और इनमें से शीर्ष 10 को पुरस्कृत करना है। इसका उद्देश्य स्टार्टअप गतिविधियों को गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे प्रमुख केंद्रों से आगे बढ़ाकर प्रदेश के अन्य जिलों और कस्बों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के छह चरण होंगे। राज्यव्यापी प्रचार के बाद सभी जिलों में एक दिवसीय जिला आइडियाथॉन आयोजित होंगे। इसमें प्रतिभागियों को 60 सेकंड में अपने बिजनेस आइडिया की पिच प्रस्तुत करनी होगी। करीब 3,450 प्रतिभागियों में से 1,150 को सात मॉड्यूल वाले मास्टरक्लास के लिए चुना जाएगा। इसके बाद करीब 350 टीमों को एक-से-एक मेंटरशिप देकर मंडल स्तर के पिचथॉन के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम में दो ट्रैक बनाए गए हैं। पहले ट्रैक में ग्रोथ-स्टेज स्टार्टअप्स और दूसरे में इच्छुक उद्यमी, विद्यार्थी व जमीनी नवाचारकर्ता शामिल होंगे। ट्रैक-1 के शीर्ष पांच स्टार्टअप्स को क्रमशः 15 लाख, 12 लाख, 10 लाख, 7.5 लाख और 5 लाख रुपये तथा ट्रैक-2 के शीर्ष पांच प्रतिभागियों को 5 लाख, 4 लाख, 3 लाख, 2 लाख और 1 लाख रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। फाइनलिस्ट को सीड ग्रांट, क्लाउड क्रेडिट, इन्क्यूबेशन और इंडस्ट्री कनेक्ट जैसी सुविधाओं से भी जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सचिव एवं आयुक्त अमित कुमार अग्रवाल, महानिदेशक डॉ. यश गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

पंचकूला और फरीदाबाद में दो नए इन्क्यूबेटर स्थापित होंगे

शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दो नए इन्क्यूबेटर स्थापित करने के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय और स्टार्टअप एक्सेलरेटर चैंबर ऑफ कॉमर्स को लेटर ऑफ इंटेंट सौंपे। ये इन्क्यूबेटर फरीदाबाद और पंचकूला में स्थापित किए जाएंगे। वहीं, जोहो कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड और पेटीएम पेमेंट्स के साथ इकोसिस्टम पार्टनर के तौर पर एलओआई पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने हरियाणा राज्य स्टार्टअप नीति-2022 के तहत सीड फंडिंग प्राप्त करने वाले 11 स्टार्टअप्स को चेक भी वितरित किए।

सिंगापुर के साथ आईटी एग्रो और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में साझेदारी की तैयारी

चंडीगढ़। सिंगापुर से हरियाणा में निवेश, नवाचार और वैश्विक साझेदारी के नए मार्ग खुलने वाले हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ अधिकारियों की टीम चार से छह अक्टूबर तक विदेश दौरे पर रहेगी। इस दौरान हरियाणा और सिंगापुर के बीच निवेश के साथ ही औद्योगिक सहयोग, तकनीकी साझेदारी तथा कौशल विकास के नए अवसर तलाशे जाएंगे। सिंगापुर दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल लाजिस्टिक्स, सेमीकंडक्टर, अत्याधुनिक विनिर्माण, एग्रो एवं खाद्य प्रसंस्करण, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी), विमानन तथा शिक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पारस्परिक सहयोग और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेगा। राज्य सरकार का लक्ष्य हरियाणा को वैश्विक निवेशकों के लिए और अधिक अनुकूल, प्रतिस्पर्धी तथा नवाचार-आधारित औद्योगिक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। प्रतिष्ठित उद्योग समूहों, निवेशकों, कारपोरेट प्रतिनिधियों तथा क्षेत्र-विशेष के विशेषज्ञों के साथ राउंड टेबल कांफ्रेंस में हरियाणा की औद्योगिक नीति, निवेश-अनुकूल वातावरण, मजबूत बुनियादी ढांचा, बेहतर कनेक्टिविटी, कुशल मानव संसाधन के बारे में जानकारी दी जाएगी।

- मुख्यमंत्री चार से छह अक्टूबर तक विदेशी दौरे पर रहेंगे
- सिंगापुर के उद्यमियों संग बैठक कर निवेश का न्योता देंगे

अब तहसील में ही सुधरेंगी राजस्व रिकॉर्ड की गलतियां : डॉ. मिश्रा

■ ऑनलाइन करेक्शन मॉड्यूल किया शुरू

चंडीगढ़। हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि सरकार ने प्रदेश की सभी तहसीलों में ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में होने वाली सामान्य त्रुटियों के स्थानीय स्तर पर सुधार के लिए एक ऑनलाइन करेक्शन मॉड्यूल शुरू किया है। इससे नागरिकों को अपने भूमि एवं राजस्व रिकॉर्ड में हुई सामान्य गलतियों को ठीक करवाने के लिए राज्य मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।
डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में सामान्य त्रुटियों के सुधार की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और विकेंद्रीकृत बनाना तथा नागरिकों को होने वाली अनावश्यक देरी को कम करना है।

मुख्यालय के नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

उन्होंने कहा कि अब ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में होने वाली सामान्य त्रुटियों के मामलों को राज्य मुख्यालय भेजने के बजाय संबंधित तहसील स्तर पर ही निपटाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा शुरू किए गए इस ऑनलाइन मॉड्यूल के माध्यम से नियमित प्रकृति की लगभग 99 प्रतिशत त्रुटियों के मामलों का निपटान तहसील स्तर पर किया जा सकेगा। इससे राज्य मुख्यालय पर लंबित मामलों की संख्या कम होगी और लोगों को शीघ्र राहत मिलेगी।



ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ नर्सिंग स्टाफ ने लगाए काले बिल्ले



पंचकूला। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ द्वारा मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेश भर के स्वास्थ्य संस्थानों में नर्सों ने काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी की विरोध दर्ज कराया। बृहस्पतिवार को भी प्रदर्शन जारी रहा।
एसोसिएशन ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकरा उनकी जायज मांगों पर विचार नहीं किया, तो आगामी 5 से सात तक 12 बजे तक 2 घंटे की सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की स्टेट प्रेसिडेंट विनीता कुमारी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजे गए ज्ञापन में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं और मांगों को उठाया हैः महिला स्टाफ की पारिवारिक जिम्मेदारियां, नर्सिंग कैडर में अधिकांश महिलाएं कार्यरत हैं, जिन पर अपने बुजुर्ग माता-पिता, परिवार और बच्चों की देखभाल व शिक्षा की बड़ी जिम्मेदारी होती है।

- पांच से तीन दिन की सांकेतिक हड़ताल

फसलों के एमएसपी में मामूली बढ़ोतरी नाकाफी

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने रबी की फसलों के एमएसपी में हुई बढ़ोतरी को नाकाफी बताया है। उन्होंने कहा कि यह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। क्योंकि सरकार ने बमुश्किल 25 पैसे प्रति किलो की बढ़ोतरी की है। जबकि बीजेपी सरकार के दौरान हर साल महंगाई बेतहाशा गति से बढ़ती जा रही है।आज पेट्रोल, डीजल, गैस के दाम आसमान छू रहे हैं। खेती के उपकरणों से लेकर खाद, बीज, दवाई और मजदूर तक इतनी महंगी हो गई है कि किसान खेती छोड़ने को मजबूर हैं। भूपेंद्र हुड्डा ने बताया कि अगर कांग्रेस के साथ तुलना की जाए तो हमारे कार्यकाल में फसलों के रेट में हर साल औसतन 14% की बढ़ोत्तरी होती थी।

मंडियों में किसानों को हो रहा नुकसान : हुड्डा



हुड्डा ने धान और बाजरे का उदाहरण देते हुए बताया कि सरकारी खरीद नहीं होने की वजह से आज किसानों को 400 प्रति क्विंटल तक कम रेट पर अपनी फसल बेचनी पड़ रही है। किसानों और विपक्ष द्वारा बार-बार मांग के बावजूद सरकार खरीद में देरी कर रही है। किसानों को मंडियों में सिर्फ एमएसपी ही नहीं, बल्कि तमाम आधारभूत सुविधाओं से वंचित कर दिया गया है। वहां ना फसल को रखने की उचित व्यवस्था है, ना ही तोल के लिए कांटे हैं, ना उठान और रखरखाव के कोई प्रबंध किए गए हैं।

सड़कों को बेहतर और सुरक्षित बनाने पर राष्ट्रीय चिंतन शिविर में होगा मंथन

चंडीगढ़। हरियाणा में सड़कों को और बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम बनाने तथा सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर मंथन होगा। हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ 5 और 6 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर, नर्मदा में आयोजित राष्ट्रीय चिंतन शिविर में शामिल होंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा आयोजित इस शिविर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में विभिन्न राज्यों के सड़क एवं राजमार्ग विभागों के मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे। गंगवा ने बताया कि चिंतन शिविर में विभिन्न राज्यों में सड़क निर्माण और रखरखाव के क्षेत्र में अपनाई जा रही नई तकनीकों, आधुनिक कार्यप्रणालियों और सफल प्रयोगों पर चर्चा की जाएगी। सड़क परियोजनाओं से जुड़े अनुभव तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बैठक में चर्चा होगी।

गुरुग्राम में 40 मीटर नीचे पहुंचा भूजल स्तर, हाईकोर्ट ने जताई चिंता

चंडीगढ़। गुरुग्राम में लगातार गिरते भूजल स्तर पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। हाई कोर्ट ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों की केवल ट्रस्टी है। यदि इसी तरह भूजल जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन जारी रहा तो भविष्य की पीढ़ियों को गंभीर और विनाशकारी परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। कोर्ट ने गुरुग्राम में भूजल संरक्षण के लिए सभी संबंधित विभागों को मिलकर तत्काल प्रभावी उपाय तलाशने के निर्देश दिए हैं।
हाई कोर्ट को बताया गया कि शहर के अलग-अलग इलाकों में भूजल स्तर करीब 40 मीटर नीचे पहुंच चुका है। वहीं, केंद्रीय भूजल बोर्ड के एक हलफनामे के अनुसार क्षेत्र में सालाना निकाले जा सकने वाले भूजल संसाधन की मात्रा उपलब्ध संसाधन की तुलना में करीब दोगुनी है। कोर्ट ने स्थिति को गंभीर बताते हुए सभी संबंधित विभागों को तत्काल प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

- वर्तमान पीढ़ी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों की केवल ट्रस्टी

पांच अक्टूबर को होगी अधिकारियों की बैठक

चीफ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा को निर्देश दिए कि वह पांच अक्टूबर को सुबह 11 बजे अपने कार्यालय में सभी संबंधित पक्षों की बैठक बुलाएं। बैठक में गुरुग्राम के उपायुक्त, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रशासक, नगर निगम आयुक्त, हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण और हरियाणा तालाब प्राधिकरण के प्रतिनिधियों को आवश्यक रिकार्ड और विवरण के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।हाई कोर्ट ने केंद्रीय भूजल प्राधिकरण और केंद्रीय भूजल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों को भी बैठक में शामिल होने को कहा है। उन्हें गुरुग्राम में संचालित सभी पंजीकृत और अपंजीकृत बोरवेल का विवरण साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।



पॉलिटेक्निक तबादला नीति में ट्रेड जोड़ने पर हाईकोर्ट सख्त

चंडीगढ़। हरियाणा के अलग-अलग पालिटेक्निक में विभिन्न ट्रेडों में तैनात फोरमैन इंस्ट्रक्टरों को एक संयुक्त कैडर मानकर ऑनलाइन तबादला ड्राइव में शामिल करने के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूरी जानकारी मांगी है। याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट में दलील दी कि अलग-अलग ट्रेडों के कर्मचारियों को जोड़कर कैडर की संख्या 80 से अधिक दिखाना तबादला नीति के प्रावधानों के विपरीत है। मामले की अगली सुनवाई छह अक्टूबर को होगी। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से बताया गया कि उन्हें 14 जुलाई 2026 को वर्कशाप इंस्ट्रक्टर के पद से फोरमैन इंस्ट्रक्टर के पद पर पदोन्नत किया गया था। ऑनलाइन तबादला नीति के दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी विशेष ट्रेड या विषय में कैडर की संख्या 80 से अधिक होने पर ही संबंधित तबादला ड्राइव लागू होती है। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि इससे पहले विभाग ने वर्कशाप इंस्ट्रक्टरों को अलग-अलग ट्रेडों में होने के बावजूद एक साथ जोड़कर तबादला ड्राइव में शामिल करने का प्रयास किया था।

- अलग-अलग ट्रेड के फोरमैन इंस्ट्रक्टरों को एक कैडर मानने पर मांगा जवाब

राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल)
भारत सरकार
पूर्वी गेट नं. 10, जेएलएन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003

विज्ञापन सं. 03/2026

राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल), भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय, एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है और विश्व डोपिंग-रोधी एजेंसी (डब्ल्यूएडीए) से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में से एक है, जो मानव खेलों में डोप परीक्षण एवं सम्बद्ध अनुसंधान के लिए समर्पित है। यह देश में अपनी तरह की एकमात्र प्रयोगशाला है, जिसमें अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह एलसी-ऑर्बिट्रैप-एचआरएमएस, एलसी-एमएस/एमएस, जीसी-एमएस/एमएस, जीसी/सी/आईआरएमएस आदि समेत नवीनतम एवं अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरणों से सुसज्जित है। प्रयोगशाला डोप विज्ञान के उन्नत क्षेत्रों में अनुसंधान कर रही है तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोग स्थापित कर रही है। प्रयोगशाला अनुसंधान गतिविधियों को और मजबूत करने के लिए अनुसंधान सहयोगियों को नियुक्त करती है।

2. राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला निम्नलिखित पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है:

क्र.सं.	पद का नाम	पीएमएल	पद की सं.	भर्ती का माध्यम
1.	वैज्ञानिक 'ई'	पीएमएल-13 (रु. 1,23,100 - 2,15,900/-)	01	अल्प अवधि अनुबंध आधार समेत प्रतिनियुक्ति द्वारा
2.	उप निदेशक (प्रशा.)	पीएमएल-11 (रु. 67,700 - 2,08,700/-)	1	अल्प अवधि अनुबंध आधार समेत प्रतिनियुक्ति द्वारा
3.	अनुसंधान एसोसिएट-I	रु. 58,000 + एचआरए प्रति माह	03	एक वर्ष, अगले दो वर्ष (अधिकतम) हेतु विस्तारयोग्य

3. योग्यता, अनुभव, आयु, श्रेणी, आवेदन प्रारूप तथा अन्य नियम एवं शर्तें निहित विस्तृत विज्ञापन हेतु एनडीटीएल वेबसाइट : www.ndtlindia.com पर उपलब्ध है।
आवेदन प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि : एम्प्लॉयमेंट न्यूज में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 60 दिन।

हस्ता/-
सीबीसी-47113/11/0003/2627 राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला

नशे से दूर रहकर खेलों में ऊर्जा लगाएं युवा : धामी



पंचकूला। ताऊ देवी लाल स्टेडियम में चल रही नमो क्रिकेट लीग में शुक्रवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे। उन्होंने मैदान में बैट भी थामा। हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने गेंदबाजी की और धामी ने शानदार शॉट लगाकर बॉल का बाउंड्री पार पहुंचाया। इसके बाद धामी ने नमो क्रिकेट लीग के मंच से उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर खेल और राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाएं। नशे की गिरफ्त में नहीं, बल्कि खेल के मैदान में दिखाई दें। धामी ने कहा कि खेल अब केवल मनोरंजन का साधन नहीं रहा, बल्कि अनुशासन, रोजगार, स्वास्थ्य और राष्ट्र गौरव का माध्यम भी बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलों के संसाधनों और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार काम किया है।

स्वास्थ्य सेवाओं में जिलों के प्रदर्शन में अंबाला अव्वल तो नूंह सबसे पीछे

मातृ स्वास्थ्य में कैथल व बाल स्वास्थ्य में रोहतक ने किया बेहतर प्रदर्शन

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की राज्यस्तरीय समीक्षा में जिलों के प्रदर्शन में बड़ा अंतर सामने आया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रथम त्रैमासिक समीक्षा 2026-27 में समग्र प्रदर्शन के आधार पर अंबाला प्रदेश में पहले, पंचकूला दूसरे और कैथल तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महेंद्रगढ़ 20वें, रेवाड़ी 21वें और नूंह 22वें यानी अंतिम स्थान पर रहा। समग्र मूल्यांकन में अंबाला को 1.27 अंक मिले। पंचकूला 1.13, कैथल 1.09, करनाल 1.04 और कुरुक्षेत्र 0.94 अंक के साथ क्रमशः दूसरे से पांचवें स्थान पर रहे। समीक्षा में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धियों के साथ आंकड़ों की गुणवत्ता, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, जरूरी दवाओं और जांच सामग्री की आपूर्ति, आधारभूत ढांचे तथा वित्तीय प्रक्रियाओं से जुड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया गया है।

प्रदेश की 100 प्रथम रेफरल इकाइयां मिली कार्यशील

मातृ स्वास्थ्य के आंकड़ों में प्रदेश में 100 प्रथम रेफरल इकाइयां कार्यशील बताई गई हैं, जबकि संस्थागत प्रसव की दर 99.1 प्रतिशत रही। गर्भावस्था के पहले तीन महीनों में पंजीकरण की दर 87.5 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं 29.8 प्रतिशत गर्भावस्थाओं की पहचान उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के रूप में हुई। समीक्षा में ऐसी महिलाओं की नियमित निगरानी, विशेषज्ञ परामर्श, समय पर रेफरल और सुरक्षित प्रसव की योजना पर जोर दिया गया है। जुलाई 2026 तक के मातृ स्वास्थ्य मूल्यांकन में कैथल पहले, पानीपत दूसरे और करनाल तीसरे स्थान पर रहे। चरखी दादरी 22वें और जींद 21वें स्थान पर रहे। प्रतिकूल मातृ स्वास्थ्य संकेतकों वाले जिलों में मातृ मृत्यु, रेफरल व्यवस्था और चिकित्सकीय देखभाल की गुणवत्ता की गहन समीक्षा की जरूरत बताई गई है।

बाल स्वास्थ्य को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर

बाल स्वास्थ्य के अप्रैल से जून तक के मूल्यांकन में रोहतक ने पहला स्थान हासिल किया। फरीदाबाद दूसरे और पलवल तीसरे स्थान पर रहे, जबकि रेवाड़ी 22वें स्थान पर दर्ज किया गया। समीक्षा में यह भी सामने आया कि किसी जिले का समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन और किसी विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम का प्रदर्शन अलग-अलग हो सकता है। वहीं वित्तीय उपयोग के मामले में यमुनानगर 98.26 प्रतिशत उपयोग के साथ सबसे आगे रहा। हिसार में 97.15, जींद में 94.43, कुरुक्षेत्र में 93.81 और झज्जर में 91.78 प्रतिशत वित्तीय उपयोग दर्ज किया गया। राज्य स्तर पर 53.41 करोड़ रुपये के गतिविधि आवंटन के मुकाबले 43.18 करोड़ रुपये के बिल तैयार हुए थे और 10.23 करोड़ रुपये शेष थे। 24 अगस्त 2026 तक समग्र वित्तीय उपयोग 80.84 प्रतिशत दर्ज किया गया।समीक्षा में जिला स्तर पर आंकड़ों की विश्वसनीयता मजबूत करने, महत्वपूर्ण रिक्त पदों को प्राथमिकता से भरने, जरूरी दवाओं और जांच सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कमजोर प्रदर्शन वाले जिलों की निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस)
अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार
संविदा आधार पर परामर्शकों की नियुक्ति
(विज्ञापन सं. इन-स्पेसः 03:2026 दिनांक 03/10/2026)

इन-स्पेस अंतरिक्ष गतिविधियों के संवर्धन एवं प्राधिकरण तथा गैर-सरकारी प्रतिष्ठानों (एनजीई) द्वारा अंतरिक्ष विभाग की स्वामित्व वाली सुविधाओं के उपयोग हेतु अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के अधीन एक स्वतंत्र नोडल एजेंसी है।
निम्नलिखित पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से अधिकतम दो (2) वर्ष की अवधि हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। संतोषजनक कार्य-निष्पादन, कार्यात्मक आवश्यकता तथा समय-समय पर संशोधित "इन-स्पेस में परामर्शकों की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया एवं दिशानिर्देश" के मानक निबंधनों एवं शर्तों के अधीन, इस अवधि को एक बार में एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है, किंतु कुल कार्यकाल अधिकतम पांच वर्ष ही होगा।

1.	प्रधान परामर्शक - दशकीय दृष्टिकोण एवं रणनीति	01
2.	वरिष्ठ परामर्शक-अध्यक्ष कार्यालय, इन-स्पेस	01
3.	वरिष्ठ परामर्शक - जनसंपर्क एवं मीडिया	01
4.	वरिष्ठ परामर्शक - विधि निदेशालय, इन-स्पेस	01
5.	तकनीकी सहायक - तकनीकी निदेशालय	02
6.	कनिष्ठ परामर्शक - तकनीकी निदेशालय	01

विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट www.inspace.gov.in के "घोषणाएं" अनुभाग में उपलब्ध है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02/11/2026 है। सभी आवेदक अपने आवेदन सीधे इन-स्पेस डिजिटल प्लेटफॉर्म (आईडीपी) पर https://www.inspace.gov.in के माध्यम से प्रस्तुत करें।
इन-स्पेस द्वारा जारी
CBC 49121/11/0003/2627

खबर संक्षेप

मुनाफे का लालच दे एक करोड़ ठगने वाला काबू

फतेहाबाद। बिजनेस में निवेश कर हर महीने मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर करीब एक करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में फतेहाबाद पुलिस की इकोनोमिक सेल व थाना जाखल पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी मलकीत सिंह निवासी गांव सनियाना, जिला फतेहाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। निरीक्षक जसवन्त ने बताया कि गुरुद्वारा बस्ती जाखल निवासी पीड़ित दिलबाग सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी मलकीत सिंह और उसके साथी ने उसे बिजनेस में पैसे लगाकर हर महीने आकर्षक रिटर्न और एक साल बाद पूरी रकम वापस करने का लालच दिया था। दिलबाग सिंह ने अपनी जमीन तक बेच दी और करीब एक करोड़ रुपये नकद व विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से आरोपियों को सौंप दिए। बाद में न तो मुनाफा दिया और न ही मूल रकम वापस लौटाई।

फर्जी बैंक खाते खोलने का आरोपी गिरफ्तार

नूंह। साइबर क्राइम थाना टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वांछित आरोपी सोयब अली निवासी गांव पटाकपुर, फिरोजपुर झिरका को एक अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी स्पाइसमनी प्रा. लि. में डीएसएम के पद पर कार्यरत था, जो एनएसडीएल पेमेंट बैंक का बैंकिंग करेस्पोंडेंट है। जांच में सामने आया है कि आरोपी सोयब अली ने गिरफ्तार आरोपी रासिद निवासी नूंह (रिटेलर) के साथ सांठगांठ कर सीएससी सेंटर पर एनएसडीएल पेमेंट बैंक के फर्जी बैंक खाते खोलकर साइबर अपराधियों को मुहैया कराए थे। इस गिरफ्तारी के बाद नूंह क्षेत्र में एनएसडीएल ने अपने बैंक खाते खोलने बंद कर दिए हैं और क्षेत्र को बैन कर दिया है। वहीं स्पाइसमनी ने भी नूंह क्षेत्र में एनएसडीएल के बैंक खाते खोलना बंद कर दिया है।

एशियन गेम्स : हरियाणा के खिलाड़ियों ने पदकों से भर दी देश की झोली

जींद की कीर्ति ने तीरंदाजी में जीता गोल्ड मेडल

पिता ने धनुष के लिए आढ़ती से 60 हजार लिया कर्ज, बेटी ने सोना जीत पूरे किए सपने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जापान में चल रहे एशियन गेम्स में शुक्रवार को हरियाणा के खिलाड़ियों ने जमकर सोना बटोरा। तीरंदाजी में जींद की कीर्ति शर्मा ने गोल्ड जीता। बॉक्सिंग में हिसार के अंकुश पंघाल व रोहतक की प्रवीण हुड्डा ने भी सोना जीता। वहीं, दादरी के सुजीत कलकल ने पहलवानी के फाइनल में जीत दर्ज की। गोल्ड विजेता महिला हॉकी टीम में भी आधे से ज्यादा खिलाड़ी हरियाणा से ही हैं। ऐसे में शुक्रवार को हरियाणवियों ने देश की झोली पदकों से भर दी।

जींद जिले के रिटौली गांव की 20 वर्षीय तीरंदाज कीर्ति शर्मा ने एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कीर्ति की इस जीत में किसान पिता की भी तपस्या शामिल रही। कीर्ति शर्मा ने 15 साल की उम्र में तीरंदाजी खेलना शुरू किया था। उस समय कीर्ति नौवीं कक्षा में थी और पिल्लूखेड़ा के एफएस कान्वेंट स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही थी। उसी स्कूल में कोच उधम सिंह ने तीरंदाजी के लिए खिलाड़ी तैयार करना शुरू किया। कीर्ति शर्मा को अभ्यास के लिए धनुष की जरूरत थी। पिता विजय शर्मा ने उस समय स्कूल से पांच हजार रुपये में कीर्ति के लिए पुराना धनुष खरीदा। उसके बाद 2022 में हजारीबाग पदमा साईं झारखंड में चयन को लेकर ट्रायल के लिए नए धनुष की जरूरत थी। इसके लिए पिता विजय शर्मा ने आढ़ती से 60 हजार रुपये उधार लेकर पटियाला से धनुष खरीदा था। बेटी का 2022 में झारखंड की साईं अकादमी में चयन हो गया। इसके बाद साईं की ओर से कीर्ति शर्मा को पांच लाख रुपये का धनुष अभ्यास के लिए दिलवाया गया। बेटी के स्वर्ण पदक जीतने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है। दादा राम जुआरी, दादी भरपाई देवी, मां गुड्डी देवी ने कहा कि बेटी ने एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत कर देश का नाम रोशन किया है।

पिता विजय शर्मा ने बताया कि कीर्ति की परिजनों से वीरवार शाम और शुक्रवार सुबह भी बात हुई थी। उस समय वह आश्वसत थी कि कोई न कोई पदक जरूर जीतेगी। बेटी के गोल्ड जीतने की सूचना भाई गौरव ने परिजनों को दी। उस समय वह खेत में काम कर रहे थे और पत्नी गुड्डी घर में चाय बना रही थी।





जींद। कीर्ति के घर पर बधाई देते के लिए पहुंचे ग्रामीण।

पिता व कोच बोले-हारी बाजी जीतना सुजीत को आता है



चरखी दादरी/रोहतक (हरिभूमि न्यूज)। एशियन गेम्स में दादरी जिले के गांव इमलोटा निवासी पहलवान सुजीत कलकल ने पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश और क्षेत्र का नाम रोशन किया। परिजनों ने लैपटॉप पर सुजीत का मैच देखा और जीत के साथ ही खुशियां मनाईं। सुजीत को कुश्ती की यह लगन और संघर्ष विरासत में मिला है। उनके पिता दयानंद कलकल खुद सेना में रह चुके हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान रहे हैं, जिनसे प्रेरणा पाकर सुजीत ने साल 2008 में अखाड़े की दुनिया में कदम रखा था। पिता के मार्गदर्शन और माता मंजित देवी के अटूट समर्थन ने उन्हें हर मुश्किल दौर से लड़ना सिखाया। शुरुआती दिनों में गांव के साधारण अखाड़े में पसीना बहाने के बाद, उन्होंने अपनी पेशेवर ट्रेनिंग के लिए साल 2021 में सोनीपत का रुख किया। यहां कोच कुलदीप के मार्गदर्शन में उनकी प्रतिभा को नई धार मिली। हालांकि अपने कॅरियर के शुरुआती चरण में एशियाई चैंपियनशिप के चयन के ठीक पहले वे गंभीर चोट (एंकर ट्विस्ट) का शिकार हो गए थे। लेकिन एक सच्चे योद्धा की तरह उन्होंने हार नहीं मानी और चोट के बाद मैट पर ऐसी 'सुपर वापसी' की कि दुनिया देखती रह गई। सुजीत के पिता एवं कोच दयानंद कलकल ने कहा कि सुजीत की खास बात यह है कि वह मुकाबले में पिछड़ने के बाद भी हार नहीं मानता। हारी हुई बाजी जीतना ही उसकी खासियत है। पांच-छह मुकाबलों में ऐसा हुआ है कि वह शुरुआत में पीछे रहे, लेकिन अंत में मुकाबला अपने पक्ष में किया। दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने उनके पिता दयानंद कलकल से फोन पर बातचीत कर बधाई दी। जिला कुश्ती संघ के सचिव योगेश इमलोटा ने भी बधाई दी। बता दें कि इससे पहले भी संजीत वर्ष 2025 में सर्बिया के नोवी सैड में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीत चुके हैं। वहीं, 2022 और 2025 में अंडर-23 एशियन चैंपियन तथा 2022 में अंडर-20 एशियन चैंपियन रह चुके हैं। 2026 में बिश्केक में आयोजित सीनियर एशियन चैंपियनशिप में भी उन्होंने 65 किग्रा वर्ग का स्वर्ण जीता था।

3 एकड़ की खेती करते हैं पिता विजय शर्मा

पिता विजय शर्मा तीन एकड़ खेती के किसान हैं। परिवार में आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने बेटी के सपनों को आगे रखा और उसे खेलों में आगे बढ़ाया। पिता विजय शर्मा की छह बहन और तीन बुआ हैं। ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी के साथ-साथ उनके बच्चों की पढ़ाई व खेल को जारी रखना आसान नहीं था। छोटा बेटा 19 वर्षीय गौरव शर्मा अभी हरिद्वार अमृता विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस ट्रेड से बीटेक कर रहा है।

परवीन ने उधार के पुराने ग्लव्स से की थी शुरुआत, मां ने भैंसे पाल ट्रेनिंग करवाई



जीत की बधाई देती मां।

रोहतक। अपनी पंचिंग पावर और अदम्य हौसले के दम पर हरियाणा के रोहतक जिले के छोटे से गांव रूड़की की अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर परवीन हुड्डा ने एक बार फिर देश का मान बढ़ाया है। एशियन गेम्स के फाइनल मुकाबले में परवीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की दिग्गज खिलाड़ी और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता चेन निएन चिन को 2-1 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। वर्ष 2012 में गांव के स्टेडियम में अन्य खिलाड़ियों को अभ्यास करते देख परवीन के भीतर मुक्केबाज बनने की प्रेरणा जागी। हालांकि, राह इतनी आसान नहीं थी। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी। शुरुआती दिनों में स्थिति यह थी कि परवीन के पास अपने नए बॉक्सिंग ग्लव्स खरीदने के पैसे नहीं थे और वह अन्य सीनियर खिलाड़ियों के पुराने ग्लव्स पहनकर अभ्यास किया करती थीं। ऐसे में उनकी मां नीलम ने बेटी के सपनों को टूटने नहीं दिया और घर पर दो भैंसे रखकर उनके खेल और अभ्यास का खर्च उठाया।

एक हार के बाद बॉक्सिंग छोड़ना चाहते थे अंकुश, पिता-कोच ने हौसला बढ़ाया तो चमके



हिसार। जिले के गांव भेरियां निवासी करीब 21 वर्षीय मुक्केबाज अंकुश पंघाल ने एशियन गेम्स 2026 में पुरुषों के 80 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर हिसार का नाम रोशन किया है। परिवार के सदस्यों ने घर पर मुकाबला लाइव देखा और अंकुश की जीत के बाद जश्न मनाया। अंकुश ने वर्ष 2017 में महज 11 साल की उम्र में बॉक्सिंग शुरू की थी। छह भाई-बहनों के परिवार में पले-बढ़े अंकुश का खेलों की ओर रुझान अपनी बहन और भाई को देखकर बढ़ा। कोच प्रवीण सावंत की सलाह पर उनके पिता सुरेश पंघाल ने बेटे के सपने को पूरा करने के लिए गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर प्रशिक्षण केंद्र तक रोज ले जाने और वापस लाने की जिम्मेदारी संभाली। कॅरियर के शुरुआती दौर में अंकुश को छोटी उम्र और कद-काठी को लेकर लोगों की बातों का सामना करना पड़ा, लेकिन परिवार ने उनका हौसला बनाए रखा। वर्ष 2018 में पहली स्टेट चैंपियनशिप के फाइनल में हार के बाद अंकुश ने बॉक्सिंग छोड़ने तक का मन बना लिया था। पिता सुरेश और कोच प्रवीण सावंत ने उन्हें समझाया कि एक हार से सफर खत्म नहीं होता। इसके बाद अंकुश ने दोगुनी मेहनत के साथ वापसी की और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उनका यह प्रदर्शन भारतीय बॉक्सिंग के लिए भी खास रहा, क्योंकि अंकुश 2018 के बाद एशियन गेम्स में पुरुष बॉक्सिंग का स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बने हैं।

पड़ोसी को कैंची मारने वाला किशोर अस्पताल में 3 माह करेगा सेवा

पानीपत। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने एक मामले में दोषी किशोर को सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए तीन माह तक सरकारी अस्पताल में सामाजिक सेवा करने की सजा सुनाई है। मामला 19 अक्टूबर 2024 को सिटी थाने में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। टेलर से कहासुनी के दौरान बीच-बचाव करने आए पड़ोसी की आंख के नीचे कैंची मारकर दो किशोर फरार हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा था। बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट पुनीत लिंबा, सदस्य आशिमा कौशिक व अशोक कुमार ने कहा कि किशोर न्याय व्यवस्था का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि अपराध की पुनरावृत्ति रोककर बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। अस्पताल में सेवा के दौरान किशोर की गतिविधियों की निगरानी भी की जाएगी।

छात्रा से गैंगरेप के 3 आरोपी गिरफ्तार, 3 दिन के रिमांड पर भेजे

फरीदाबाद। जिले में एक खंडहर भवन के अंदर किशोरी के साथ गैंगरेप करने वाले गिरफ्तार युवकों को पुलिस ने गुरुवार रात मेडिकल करवा मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। जहां से तीनों को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस जांच मे यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने किशोरी और उसके साथी से 10 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कराए थे। बीपीटीपी थाना पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया है कि थाना क्षेत्र की 8वीं क्लास में पढ़ने वाली एक किशोरी 24 अगस्त को ट्यूशन पढ़कर घर वापस आ रही थी। लेकिन इस दौरान वह अपने एक दोस्त से मिलने चली गई। जब वह अपने दोस्त के साथ थी तो 6 युवक उसका पीछा करते हुए खंडहर बिल्डिंग में पहुंच गए। इसके बाद गैंग रेप किया। किशोरी के दोस्त के साथ भी अप्राकृतिक यौनाचार किया गया है। एक माह बाद यह बात खुलकर सामने आई।

फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के मामले में 3 काबू

- सीएम फ्लाइंग ने खुलासा कर छह पर दर्ज करवाया था केस, फर्जी सर्टिफिकेट व मुहर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने और पुराने लाइसेंसों के नवीनीकरण के लिए फर्जी मेडिकल एवं प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण पत्र लगाए जाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना की जांच के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस अब तक तीन आरोपियों मनमोहन, सुनील बंसल और विमल कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट तैयार करने में इस्तेमाल की गई मुहर भी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार, सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना को सूचना मिली थी कि हिसार में कुछ निजी टाइपिस्टों द्वारा कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर नए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए जा रहे हैं। जांच के दौरान टीम ने हिसार से जारी किए गए नए ड्राइविंग लाइसेंस तथा नवीनीकृत लाइसेंसों से संबंधित रिकॉर्ड की जांच की। आवेदनों के साथ लगाए मेडिकल सर्टिफिकेट और प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की भी जांच की गई।

जांच के दौरान एक नए ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन के साथ लगाए गए प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण पत्र की रसीद और प्रशिक्षण प्रमाण पत्र में अंतर सामने आया। जांच के दौरान तीन ऐसे ड्राइविंग लाइसेंस भी सामने आए, जिनके लिए लगाए मेडिकल सर्टिफिकेट अस्पताल से जांच में फर्जी पाए गए।

फोन कर पत्नी को नहर पर बुलाया और लगा दी छलांग

फरीदाबाद। सेक्टर-29 पुल पर शुक्रवार दोपहर एक युवक ने पत्नी के सामने आगरा नहर में छलांग लगा दी। युवक की पहचान सेक्टर-29 निवासी पवन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुबह किसी बात को लेकर उसका पत्नी डिंपल से विवाद हुआ था। इसके बाद पवन बाइक लेकर पुल पर पहुंचा और फोन कर पत्नी को नहर में छलांग लगाने की बात बताई। पत्नी और परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहर में कूद गया। सूचना के बाद पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया, लेकिन देर तक युवक का पता नहीं चल सका।

5 करोड़ की रंगदारी मांगने के 12 दिन बाद सरपंच के पोस्टर पर फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

मंगलोरा गांव के सरपंच मंजीत कुमार से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में 12 दिन बाद फायरिंग की घटना सामने आई है। 20 सितंबर को सरपंच के मोबाइल पर विदेशी नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने कथित तौर पर खुद को लॉरेंस गैंग से जुड़ा 'डीके' बताते हुए 5 करोड़ रुपये मांगे। रकम चंडीगढ़ में रहने वाले एक व्यक्ति को देने की बात कही गई थी। सरपंच ने इस धमकी का कोई जवाब नहीं दिया। मामले में 30 सितंबर को थाना मधुबन में केस दर्ज किया गया। शिकायत में सरपंच ने मंगलोरा गांव के तीन युवकों पर रेकी करने और साजिश में शामिल होने का शक जताया था। इसके बाद 2 अक्तूबर को मंगलोरा अड्डे के स्वागत गेट पर लगे सरपंच के पोस्टर पर फायरिंग की सूचना मिली। घटना के बाद पुलिस ने मौके की जांच शुरू कर दी।

देहरादून में मासूम शर्मा ने मांगी माफी प्रांजल का डांस पुलिस ने बीच में रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

देहरादून में उत्तराखंड प्रीमियर लीग के कार्यक्रम में गए हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा का जमकर विरोध हुआ। रायपुर स्थित राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के बाहर यूकेडी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। दरअसल कार्यकर्ता 11 अप्रैल को देहरादून के डीएवी पीजी कॉलेज में हुए मासूम शर्मा के कार्यक्रम को लेकर गुस्से में था। इस कार्यक्रम में मासूम ने आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। दूसरी ओर कार्यकर्ता स्थानीय कलाकारों की अनदेखी को लेकर भी नाराज थे। विवाद को देखते हुए गुरुवार रात मासूम शर्मा ने कार्यक्रम से पहले मंच से उत्तराखंड के लोगों से माफी मांगी। वहीं, इस कार्यक्रम में रात 10 बजे के बाद भी डीजे बजने पर हरियाणवी कलाकार प्रांजल दहिया के डांस को भी पुलिस ने बीच में ही रुकवा दिया।

पहल पलवल में ब्राह्मण समाज की पंचायत में लिए अहम फैसले

दहेज पर बंदिश, बारात में जाएंगे 51 लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलवल



ब्राह्मण समाज की ओर से शुक्रवार को समाज से जुड़े कई अहम मसलों को लेकर ब्राह्मण धर्मशाला में पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में कई जिलों से भी गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा ने की। पंचायत में फैसला लिया गया कि सगाई में सिर्फ एक रुपया, पांच जोड़ी कपड़े दिए जाएंगे और पांच लोग ही शामिल होंगे। गोद भराई में भी पांच लोग ही जाएंगे। इसमें एक जोड़ी कपड़े, एक सोने की अंगूठी और 101 रुपये विदा पर दिए जाएंगे। लगन में एक व्यक्ति आएगा और एक रुपया दिया जाएगा। भात न्योद के लिए केवल 11 महिलाएं जाएंगी। भात लेकर 11 आदमी जाएंगे, जिसमें एक तोला सोना, कपड़े और 2100 रुपये खर्च के दिए जाएंगे। वहीं, फैसला लिया गया कि बारात में 51 बाराती ही जाएंगे और शाकाहारी भोजन होगा। लड़की वालों की तरफ से 2 तोले सोने के गहने, 100 ग्राम चांदी, 11 जोड़ी कपड़े, संदूक या अलमारी और बेड दिया जा सकता है। शादी में लड़के वालों व लड़की वालों की तरफ से नशे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा और डीजे पर भी पूरी तरह पाबंदी रहेगी।

मृत्यु भोज बंद करें

पंचायत में फैसला लिया गया कि मृत्यु भोज पूरी तरह बंद रहेगा। पंचायत में पंचों ने कहा कि जो लोग पंचायत के इन फैसलों का अमल नहीं करेगा, उसके कार्यक्रम का समाज, गांव व रिश्तेदार सभी मिलकर बहिष्कार करेंगे।



खबर संक्षेप

महात्मा गांधी जयंती पर बाजार रहे बंद

मुंबई। महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार 2 अक्टूबर को शेयर बाजार, मुद्रा, जिंस और सराफा बाजार बंद रहे। शेयर बाजार में तीन और चार अक्टूबर को भी कामकाज नहीं हो पाएगा। शेयर बाजार में शनिवार और रविवार को ट्रेडिंग सेशन नहीं होते हैं। सराफा बाजार में कुछ स्थानों पर शनिवार को कारोबार हो सकता है।

सेबी ने एसएमसी ग्लोबल पर लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ग्राहकों के ऑर्डर देने से जुड़े रिकॉर्ड रखने और अधिकृत व्यक्ति की निगरानी के नियमों के पालन में चूक के मामले में दिल्ली स्थित एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह आदेश जनवरी से सितंबर 2024 की अवधि के लिए 'शेयर ब्रोकर' की विशेष जांच के बाद आया। बाजार नियामक ने यह जांच बिना अनुमति के कारोबार किए जाने की शिकायतों और ग्राहकों के ऑर्डर देने की प्रक्रिया के संबंध में की।

हुंडई मोटर ने सितंबर में दर्ज की सर्वाधिक मासिक बिक्री

नई दिल्ली। हुंडई मोटर इंडिया की निर्यात सहित कुल मासिक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 10.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक के उच्चतम स्तर 77,916 इकाई पर पहुंच गई। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने बताया कि सितंबर में घरेलू बिक्री 57,166 इकाई रही, जो सालाना आधार पर 10.9 प्रतिशत अधिक है।

दुनिया पर महंगाई का खतरा, फ्यूल सब्सिडी हो सकती है 1 ट्रिलियन डॉलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव का आपकी जेब पर भी होगा असर, कच्चे तेल की कीमतें करीब 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंची

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव का असर अब सिर्फ तेल बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया भर की सरकारों के बजट पर भी इसका दबाव बढ़ रहा है। कच्चे तेल की कीमतें करीब 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बीच कई देश पेट्रोल-डीजल और दूसरी जरूरी चीजों की कीमतों को काबू में रखने के लिए सब्सिडी, टैक्स में राहत और कीमतों पर सीमा जैसे कदम उठा रहे हैं। लेकिन लंबे समय तक ऐसा करना सरकारों के लिए आसान नहीं होगा। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल दुनिया में फ्यूल सब्सिडी पर होने वाला खर्च 1 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 9,61,03,02,24,00,000 रुपए तक जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल से सितंबर के बीच महंगे फ्यूल और खाने-पीने की चीजों से लोगों को राहत देने वाले तरीके अपनाने वाले देशों की संख्या करीब दोगुनी हो गई। इन सरकारी कदमों का सीधा फायदा आम लोगों को मिला है। अनुमान है कि इस साल करीब 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे जाने से बच सके। लेकिन अब सरकारों के सामने दूसरी चुनौती खड़ी हो रही है।

महंगा तेल बढ़ा रहा परेशानी

पश्चिम एशिया का तनाव लंबा खिंचने से ऊर्जा बाजार पर दबाव बना हुआ है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर पेट्रोल, डीजल, गैस और परिवहन लागत पर पड़ता है। इसका असर आगे चलकर खाने-पीने और रोजमर्रा की दूसरी चीजों की कीमतों पर भी दिखाई दे सकता है। इसी वजह से कई सरकारें लोगों पर तुरंत पड़ने वाले बोझ को कम करने के लिए अलग-अलग तरीके अपना रही हैं। कहीं फ्यूल पर सब्सिडी दी जा रही है, तो कहीं कीमतों की अधिकतम सीमा तय की गई है। कुछ देशों ने टैक्स में भी राहत दी है। लेकिन तेल महंगा रहने पर इन उपायों का खर्च लगातार बढ़ता जाएगा।



अल नीनो से खाने-पीने की चीजें हो सकती हैं महंगी

एनर्जी संकट के साथ मौसम भी चिंता बढ़ा रहा है। इस समय मजबूत अल नीनो की स्थिति बन रही है। इससे कई इलाकों में सामान्य से ज्यादा गर्मी, सूखा या बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।

सरकारों के बजट पर बढ़ रहा दबाव

समस्या सिर्फ तेल की कीमतों तक सीमित नहीं है। दुनिया के कई देशों में कर्ज लेना पहले के मुकाबले महंगा हो गया है। ऐसे में सरकारों के लिए अतिरिक्त पैसा जुटाना मुश्किल हो रहा है। एक तरफ लोगों को महंगाई से बचाने की जरूरत है और दूसरी तरफ सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ रहा है।

आम लोगों पर असर

महंगे ईंधन का असर सिर्फ पेट्रोल पंप तक नहीं रहता। ट्रक, बस और दूसरे वाहनों का खर्च बढ़ने पर सामान को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाना महंगा हो जाता है। इसका असर सब्जियों, अनाज और रोजमर्रा की दूसरी चीजों की कीमतों पर पड़ सकता है। भारत जैसे तेल आयात करने वाले देशों के लिए भी लंबे समय तक महंगा कच्चा तेल चुनौती बन सकता है। सरकारें कीमतों पर राहत देने के अलग तरीके भी निकाल सकती है, लेकिन इसका असर सरकारी वित्त पर पड़ सकता है। यूएनडीपी के मुताबिक, सितंबर में कम से कम 10 देशों में महंगी एनर्जी से जुड़ी सामाजिक अशांति और परफॉर्मेंस भी देखने को मिले।

साख निर्धारण एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट

डेटा सेंटर नीति के मामले में तेलंगाना महाराष्ट्र व उप्र शीर्ष राज्यों में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कंपनियों को तेलंगाना में बिजली और मजबूत समर्थन मिला

भारत में डेटा सेंटर के लिए तेलंगाना सबसे आकर्षक नीतिगत पैकेज देने वाला राज्य बनकर उभरा है। उसे बिजली और नियामकीय प्रोत्साहनों के मामले में मजबूत समर्थन मिला है। वित्तीय शोध और साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

तेलंगाना सबसे आकर्षक पैकेज देने वाला राज्य बना

रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ने बिजली, बुनियादी ढांचे, पूंजी और नियामकीय व्यवस्था से जुड़े व्यापक प्रोत्साहनों के साथ संतुलित नीतियां तैयार की हैं। 'इंडिया फॉरवर्डः रीइमैजिनिंग ग्रोथ' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि गुजरात ने बड़े स्तर के डेटा सेंटर संचालकों (हाइपरस्केलर्स) को आकर्षित करने के लिए बिजली और कारोबार सुगमता के मामले में सबसे लाभकारी प्रावधान किए हैं।

सूची में चार राज्यों को 50 अंक मिले

एसएंडपी ग्लोबल एनर्जी के 'डेटा सेंटर पॉलिसी अट्रैक्टिवनेस इंडिया' (डीसीपीएआई) सूचकांक में इन चारों प्रमुख राज्यों को करीब 50 अंक मिले हैं। इस सूचकांक में 11 राज्यों द्वारा 2016 से लागू की गई 19 नीतियों का मूल्यांकन किया गया। इनमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), आईटी आधारित सेवाएं (आईटीईएस), डेटा सेंटर और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) से संबंधित नीतियां शामिल हैं।



चार प्रमुख प्रोत्साहन श्रेणियां तय

नीतियों का मूल्यांकन चार प्रमुख प्रोत्साहन श्रेणियों (बिजली, जमीन और पूंजी, परिचालन एवं तकनीकी सहायता तथा नियामकीय व्यवस्था और कारोबार सुगमता) के आधार पर किया गया। दूसरे समूह में 42 से 45 अंक वाले ओडिशा, हरियाणा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक शामिल हैं।

पूंजी से जुड़े प्रोत्साहन में आंध्रप्रदेश आगे

इस समूह में जमीन और पूंजी से जुड़े प्रोत्साहनों के मामले में आंध्र प्रदेश आगे है, जबकि कर्नाटक में कारोबार सुगमता से जुड़े उल्लेखनीय प्रावधान हैं। इनमें आवश्यक सेवाओं के रखरखाव से संबंधित कानून के तहत संरक्षण भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, ओडिशा और हरियाणा की नीतियां परियोजना के पूरे जीवन चक्र को ध्यान में रखते हुए व्यापक प्रोत्साहन देने पर केंद्रित हैं।

मौजूदा क्षमता करीब 1,5 गीगावाट की

रिपोर्ट के अनुसार, राज्यों के बीच यह प्रतिस्पर्धा डेटा सेंटर क्षेत्र में बड़े विस्तार के बीच हो रही है। भारत में उद्यमों के लिए साझा और समर्पित डेटा सेंटर सुविधाओं की मौजूदा क्षमता करीब 1.5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले एक दशक में पांच गीगावाट क्षमता के लिए प्रतिबद्धताएं पहले ही की जा चुकी हैं, जबकि छह से सात गीगावाट अतिरिक्त क्षमता की घोषणा हो चुकी है या उसकी योजना शुरुआती चरण में है।

डेटा सेंटर की बिजली मांग बढ़ने का अनुमान

रिपोर्ट के अनुसार, हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग तथा परिचालन संबंधी बिजली खपत समेत भारतीय डेटा सेंटर की कुल बिजली मांग 2025 से 2035 के बीच सालाना औसतन 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़ने का अनुमान है।

कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन क्षेत्र की वृद्धि दर घटाया

इक्रा ने कमजोर मानसून के कारण कृषि वृद्धि दर का अनुमान घटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन क्षेत्र की वृद्धि दर के अनुमान को 1.3 प्रतिशत से घटाकर लगभग एक प्रतिशत कर दिया है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश इस साल दीर्घकालीन औसत (एलपीए) के मुकाबले 87 प्रतिशत पर आने को देखते हुए वृद्धि दर घटायी गयी है। यह औसत 2015 के बाद सबसे कम है। इक्रा ने मानसून पर अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि कम और असमान बारिश ने खरीफ बुवाई को पहले ही प्रभावित किया है। यह सितंबर के अंत तक पिछले वर्ष के स्तर से 1.2 प्रतिशत कम रही। जलाशयों के विशेष रूप से दक्षिणी और कुछ उत्तरी राज्यों में घटे जलस्तर ने आगामी रबी सत्र को लेकर चिंता बढ़ा दी है। एजेंसी ने कहा, ''फसल उत्पादन और कृषि आय पर कमजोर मानसून के संभावित असर को लेकर इक्रा सतर्क बनी हुई है।'' इसके साथ ही चेतावनी दी गई कि कृषि आय में कमी वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में ग्रामीण मांग को सुस्त कर सकती है और खाद्य मुद्रास्फीति के लिए जोखिम पैदा कर सकती है। जून-सितंबर के दौरान 'अल नीनो' के प्रभाव के कारण बारिश दीर्घकालीन औसत के मुकाबले 87 प्रतिशत रही। बारिश का वितरण भी अत्यधिक असमान रहा। पूर्व और पूर्वोत्तर क्षेत्र में एलपीए के मुकाबले 74 प्रतिशत तथा दक्षिणी राज्यों में 76 प्रतिशत बारिश दर्ज की गई।



■ अनुमान को 1.3 प्रतिशत से घटाकर लगभग एक प्रतिशत किया

GOVT. MIDDLE SCHOOL
Nasirpur Bangar, Block Rai, Distt. Sonipat (Hr.) 3512

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा.मा.वि. नसीरपुर बांगर (राई) सोनीपत में जर्जर हालत में हुए दो कमरों की खुली नीलामी 07.10.2026 दिन बुधवार प्रातः 10:30 बजे होगी। आप सभी नीलामी में सादर आमंत्रित है। नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। हर बोली दाता को बतौर सिक्योरिटी 10000/- रूपये जमा करानी होगी।

हस्ता/-E.S.H.M
रा.मा.वि. नसीरपुर बांगर (3512)
राई (सोनीपत)

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां

कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा

A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

वृष — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

मिथुन — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

कर्क — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

सिंह — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

कन्या — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

तुला — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

वृश्चिक — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

धनु — किसी पुराने मित्र से पुनःसम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

मकर — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

कुंभ — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

मीन — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने एलुकैम के अधिग्रहण की योजना की रद्द

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की धातु क्षेत्र की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सौदे को पूरा करने में लगातार हो रही देरी के बीच अमेरिका स्थित एलुकैम कंपनीज इंक के 12.5 करोड़ डॉलर के प्रस्तावित अधिग्रहण की योजना रद्द कर दी है। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी ने एसई को दी सूचना में बताया कि हिंडाल्को और अमेरिका स्थित कंपनी ने एलुकैम तथा उसके विशेष कैल्साइंड और टेब्यूलर एल्युमिना कारोबार के प्रस्तावित अधिग्रहण के लिए किए गए इक्विटी खरीद समझौते को संयुक्त रूप से समाप्त करने का फैसला किया है हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने कहा कि हालांकि, विशेष एल्युमिना कारोबार का विस्तार करने की उसकी रणनीति बरकरार है। सूचना में कहा गया, ''एलुकैम कंपनीज इंक (एलुकैम) और उसके विशेष कैल्साइंड तथा टेब्यूलर एल्युमिना कारोबार के प्रस्तावित अधिग्रहण को लेकर एलुकैम और कंपनी ने उचित विचार-विमर्श के बाद इक्विटी खरीद समझौते को समाप्त करने का संयुक्त रूप से फैसला किया है। क्योंकि सौदे को पूरा करने में ऐसी देरी हुई जो किसी भी पक्ष के नियंत्रण से बाहर थी।''

कंपनी ने 12 .5 करोड़ डॉलर के प्रस्तावित अधिग्रहण योजना की रद्द

उत्पादन की क्षमता बढ़ाकर 10 लाख टन करना है

हिंडाल्को का एल्युमिना कारोबार विशेष एल्युमिना और एल्युमिना हाइड्रेट पर केंद्रित है, जिनका विनिर्माण कंपनी अपने संयंत्रों में करती है। हिंडाल्को के पास फिलहाल पांच लाख टन विशेष एल्युमिना की उत्पादन क्षमता है और उसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2030 तक इसे बढ़ाकर 10 लाख टन करना है।

पेट्रोलियम से जुड़े अपराधों के लिए कड़े दंड का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने पेट्रोलियम क्षेत्र में सार्वजनिक सुरक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और अनधिकृत परिचालन से जुड़े गंभीर अपराधों के लिए आपराधिक दंड को बरकरार रखने या सख्त करने का प्रस्ताव किया है।

लाइसेंस उल्लंघन अपराध की श्रेणी से बाहर

साथ ही पेट्रोलियम लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन जैसे विनियामक उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और एक दीवानी जुर्माना व्यवस्था शुरू करने का प्रस्ताव भी किया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 के मसौदा संशोधनों पर जनता और उद्योग जगत से टिप्पणियां मांगी हैं। इसमें कानून के अपराध, दंड और प्रवर्तन से जुड़े प्रावधानों में बड़े बदलाव का प्रस्ताव किया गया है। पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 को पेट्रोलियम के आयात, परिवहन, भंडारण, उत्पादन, शोधन और सम्मिश्रण से संबंधित कानून को संशोधित करने के लिए लागू किया गया था। मसौदा संशोधनों पर टिप्पणियां मांगते हुए मंत्रालय ने कहा, ''लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन जैसे विनियामक मुद्दों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और प्रशासनिक तंत्र के माध्यम से दीवानी जुर्माना लगाने की व्यवस्था करने के लिए पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 में संशोधन का प्रस्ताव किया गया है।'' मंत्रालय के अनुसार, प्रस्तावित संशोधन पेट्रोलियम परिचालन के विभिन्न पहलुओं से संबंधित विशिष्ट अपराधों के खिलाफ पर्याप्त रोकथाम करते हैं।

स्मार्ट बाज़ार द्वारा त्योहार की तैयारियों के लिए सेल की घोषणा

मुंबई। स्मार्ट बाजार 2 से 7 अक्टूबर 2026 तक चलने वाली अपनी त्यौहारों की तैयारियों के लिए तैयार है। ग्राहकों को फैशन, घर की सजावट, उपहार, किराना, घरेलू सामान और त्यौहारों की जरूरी चीजों पर शानदार ऑफर और बेहतरीन छूट एक ही छत के नीचे मिलेंगी। खास ऑफर- टॉप मिठाई ब्रांड्स की भारतीय मिठाइयों की विस्तृत श्रृंखला पर एक खरीदें, एक मुफ्त पाएं। त्यौहारों के लिए फैशन सिर्फ रू.99 से शुरू - पूरे परिवार के लिए किफायती स्टाइल। किस्मों पर बिरयानी बासमती चावल रू.95 प्रति किलो। कोल्ड ड्रिंक्स व जूस - एक खरीदें, एक मुफ्त पाएं। बेमिसाल डील और उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के साथ, स्मार्ट बाजार परिवारों को त्यौहार की तैयारियों में शामिल होने और अपनी खरीदारी को और भी बड़ा और फायदेमंद बनाने के लिए आमंत्रित करता है। विदित हो कि सेल 2-7 अक्टूबर 2026 तक रहेगी। अपने नजदीकी स्मार्ट बाजार में जाएं और बचत करें।



भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय

महानिदेशक, राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा संरक्षण अनुसंधानशाला (एनआरएलसी) लखनऊ के महानिदेशक पद के लिए आवेदन आमंत्रित करना

एनआरएलसी, लखनऊ में महानिदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति या संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए वेतन बैंड-4: 37,400-67,000 रुपए, ग्रेड वेतन 10000/- रुपए (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स का लेवल-14) और नियमानुसार स्वीकार्य भत्तों के अनुसार उपयुक्त अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। निर्धारित प्रारूप में, सादे कागज पर टंकित आवेदन, जिसमें पूर्ण जीवनवृत्त, विस्तृत शैक्षणिक व व्यावसायिक योग्यता और अनुभव का विवरण शामिल हो, रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा अधोहस्ताक्षरी को इस प्रकार भेजे जाएं कि वे रोजगार समाचारपत्र में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर पहुंच जाएं। सरकारी विभागों/स्वायत्त संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों द्वारा अपने आवेदन उचित माध्यम से भेजे जाएं। आवेदन के प्रारूप और पद से जुडे भर्ती नियमों सहित पूर्ण विवरण संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट **https://culture.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

CBC-09101/11/0020/2627

शब्द पहेली - 6366



बाएँ से दाए

1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

ऊपर से नीचे

2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

शब्द पहेली- 6365 का हल

	बि	ज	ली	घ	र		मा	न	सि	क
दि	ल		ड		ख	न	न		ना	रा
ल		धा	र	दा	र		क	ली		मा
दु	लारा				खा	स		ख	प	त
ख		धा		ना	व		ग		र	
ना	म	र	ख	ना		च	म	क	दा	र
	यू		त		स	र		ट		वा
ह	र	म		शा	म			पी	स	ना
ड़		य	श		का	रा	वा	स		हो
ता	न		प	ग	ली		न		म	ना
ल	थ	प	थ		न	ग	र	व	धु	



खबर संक्षेप

गृहमंत्री शाह आज से रहेंगे 4 राज्यों के दौरे पर

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 से 5 अक्टूबर के बीच मध्य प्रदेश, तेलंगाना, मेघालय और मिजोरम के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह अलग-अलग सरकारी कार्यक्रमों में शामिल होकर कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

दिवाली से पहले आएगी पीएम किसान की 24वीं किस्त!

नई दिल्ली। देश के करोड़ों अन्नदाताओं (किसानों) के लिए इस बार की दिवाली बेहद खास और खुशियों भरी होने वाली है! केंद्र सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 24वीं किस्त दिवाली के त्योहारी सीजन से पहले यानी इसी अक्टूबर 2026 के महीने में ही जारी करने की तैयारी कर रही है।

बीजेपी राज्यसभा सांसद को हाईकोर्ट का समन

अहमदाबाद। गुजरात हाईकोर्ट ने शुक्रवार को बीजेपी के राज्यसभा सांसद राजेश शुक्ल को समन जारी किया है। दरअसल, कांग्रेस नेता तुषार चौधरी ने आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाने के आरोप में शुक्ला के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। अदालत में याचिकाकर्ता की ओर से एआईसीसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सीनियर एडवोकेट शक्तिसिंह गोहिल और उनके सहयोगी चिंतनभाई चंपानेरी ने इस मामले की जोरदार पैरवी की।

पंजाब में दलित खुदकुशी मामले में चार पर केस

संगरूर। पंजाब के संगरूर जिले में पिछले महीने 23 साल के दलित युवक की कथित आत्महत्या के मामले में एक ग्राम सरपंच समेत चार लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कनोई गांव के रहने वाले सनमदीप सिंह ने कथित तौर पर 26 सितंबर को जहर का सेवन कर लिया था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके परिवार का आरोप है कि गांव के सरपंच दीप सिंह और उनके कुछ साथियों द्वारा परेशान किए जाने और धमकाए जाने के बाद उसने यह कदम उठाया।

भूस्खलन प्रभावित सड़कें दस दिन में ठीक करें

शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला जिले के रोहड़ू स्थित तांगणू-जांगलिक पंचायत क्षेत्र का दौरा किया और वहां छह करोड़ रुपये के कार्यों की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को भूस्खलन से प्रभावित जांगलिक सड़क को 10 दिन के भीतर वाहनों की आवाजाही के लिए ठीक करने के निर्देश दिये। सड़क बंद होने से निवासियों के साथ-साथ बागवानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



बाहरी दिल्ली में मकान गिरने से एक की मौत

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के ज्वालापुरी इलाके में एक मंजिला मकान ढहने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका 20 वर्षीय बेटा जख्मी हो गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार शाम 4.03 बजे उद्योग नगर मेट्रो स्टेशन के पास हुई। डीएफएस ने बताया कि लगभग 25 वर्ग गज में बना घर ढह गया, जिससे पिता और पुत्र मलबे में दब गए, जिन्हें मलबे से निकाला गया। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों को कैट्स एम्बुलेंस के जरिए संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया।

शिप्रा एक्स.में किन्नरों ने यात्री को पीटा, नीचे फेंका

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत स्टेशन शंकरगढ़ पर शुक्रवार को किन्नरों ने यात्री युवक की पिटाई करके ट्रेन से नीचे फेंक दिया। इससे उसका पैर टूट गया और गंभीर चोट आई। चिकित्सक ने हालत गंभीर देख यात्री को प्रयागराज रेफर किया। शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के आगे तालापार गांव के पास घायल की सूचना ड्यूटी कर रही महिला ने दी।



जनसेवा एक्सप्रेस में सांप का फन दिखाकर यात्रियों से वसूली, आरपीएफ ने छह सपेरों को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| मुजफ्फरपुर

ट्रेनों में यात्रियों से वसूली के मामले को लेकर बिहार में आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई की। यहां पर चलती जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन में सांप का फन दिखाकर यात्रियों से खौफ के सहारे रुपये ऐंठना पर छह सपेरों रेल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जनसेवा एक्सप्रेस के साधारण कोच में आरपीएफ ने जांच करने पर उन्हें पकड़ा।

यात्रियों से रुपये मांगने की सूचना रेल मदद के माध्यम से मिलने के बाद आरपीएफ ने कार्रवाई की। सभी छह को



दिघवारा स्टेशन पर ट्रेन से उतारकर हिरासत में लिया गया। अब वन विभाग के समन्वय से उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि ट्रेन में सांप दिखाकर रुपये मांगने वालों को पैसे न दें। ऐसी स्थिति सामने आने पर तत्काल रेल मदद के माध्यम से सूचना दें। रेलवे के अनुसार, समय पर सूचना मिलने से ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा सकती है।

यूं एंठते थे पैसे

सांप लेकर यात्रियों के बीच घूमने और उन्हें दिखाकर रुपये मांगने की गतिविधि को आरपीएफ ने गंभीरता से लिया। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी छह लोगों को निगरानी में ले लिया। ट्रेन के दिघवारा स्टेशन पहुंचते ही आरपीएफ ने सभी छह को नीचे उतार लिया। ड्यूटी पर तैनात बल सदस्यों की मदद से उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में छहों अपने नाम-पते के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

गांधी जयंती पर मोदी और राहुल बच्चों से मिले



प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, राहुल ने गांधी, शास्त्री को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्रियों और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई अन्य लोगों ने यहां संविधान सदन में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन और अन्य ने तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की। बच्चों से प्रधानमंत्री मोदी , राहुल गांधी और प्रियंका समेत अन्य लोगों ने बातचीत की। अपने नेता को जानें' कार्यक्रम के तहत संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में स्कूली छात्रों को संबोधित करते हुए, बिरला ने कहा कि उन्हें लगता है कि आज की पीढ़ी गांधी और शास्त्री के जीवन-दर्शन को अपना रही है।

मुम्बई में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सीजेपी का प्रदर्शन

सीजेपी बोली, मुंबई में तो सिर्फ ट्रेलर है, फाइनल दिल्ली में होगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर शुक्रवार दोपहर मुंबई के शिवाजी पार्क में 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) की अगुवाई वाले प्रदर्शन में हजारों लोग जुटे। पुलिस द्वारा प्रदर्शन की अनुमति नहीं दिए जाने के बावजूद नारे लिखी तख्तियां और तिरंगा लिए बड़ी संख्या में युवा राजनीतिक रैलियों के लिए प्रसिद्ध इस मैदान में पहुंचे। अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भी प्रदर्शन स्थल पर मौजूद थे। इलाके में पुलिस और सुरक्षाबलों की भी बड़ी संख्या में तैनाती की गई है। शिवसेना (उबाठा) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने कॉजपा के आंदोलन को समर्थन दिया है। कॉजपा के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर शुक्रवार को शिवाजी पार्क के आसपास बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया। पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने शाम चार बजे प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले मध्य मुंबई में दादर स्टेशन और शिवाजी पार्क मैदान के आसपास सुरक्षा कड़ी की। एक अधिकारी ने बताया कि किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस और अन्य एजेंसियों के सुरक्षा कर्मियों को रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि शिवाजी पार्क की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर व्यापक स्तर पर बैरिकेड भी लगाए गए हैं।

प्रदर्शनकारियों ने टी शर्ट पर लगाई गांधी की फोटो

सीजेपी का आरोप: भाजपा एक देश-एक पार्टी चाहती



'ज्ञानू, इस्तीफा दो' प्रदर्शन में नारे लिखी तख्तियां लेकर पहुंचे

मुंबई के शिवाजी पार्क में शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निशाना बनाते हुए व्यंग्यात्मक मीम और फिल्मों के संवाद वाली तख्तियां लेकर 'कॉकरोच जनता पार्टी' के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा प्रदर्शनकारी पहुंचे। शिवाजी पार्क में पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में लगाए गए बैरिकेड और तेज गर्मी भी प्रदर्शनकारियों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। शिवाजी पार्क के निवासियों के विरोध और दादर स्टेशन तक भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद प्रदर्शनकारी क्रांतिकारी नारों, गांधी के उद्धरणों और कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग वाले पोस्टर थामे नजर आये। तिरंगे के साथ "ज्ञानू, तुझा डेमोक्रेसी वर भरोसा नाय के?", "ज्ञानेश ब्रो, जस्ट रिजाइन" और "गद्दार ज्ञानू मस्ट गो" जैसे नारे लिखे पोस्टर लिए स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में युवा इलाके में जुटे। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को उठाने करने के लिए अनोखे तरीके भी अपनाए।



दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान 700 को लिया हिरासत में



नई दिल्ली (भाषा)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर शुक्रवार को विपक्षी दल और छात्र संगठन सड़कों पर उतरे जबकि दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर तथा आसपास के कई स्थानों से 700 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया, जिनमें दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी भी शामिल हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान एक कचौड़ी, दो समोसा, ज्ञानेश तुम्हारा क्या भरोसा और गली-गली में शोर है, मोदी-ज्ञानेश वोट चोर हैं जैसे नारे लगाए गए।

विपक्षी नेताओं ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिए जाने की निंदा की

प्रदर्शनकारियों में आम आदमी पार्टी (आप) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) तथा अन्य छात्र संगठनों के सदस्य शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं और बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर सीईसी कुमार के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को गांधी जयंती के दिन यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में लिए जाने की निंदा की और पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया।

एपीडा ने की फ्रोजेन फूड उत्पादों के एफपीओ-आधारित निर्यात में मदद

नई दिल्ली। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने 1 अक्टूबर 2026 को हरियाणा के सोनीपत से कनाडा के लिए 24 एमटी फ्रोजन फूड उत्पादों की खेप को रवाना करने में मदद की। 'अटेर्ना फूड्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' द्वारा निर्यात की गई इस खेप में कुल सीएडी 35,140 मूल्य के फ्रोजन फूड उत्पादों के 2,295 डिब्बे शामिल हैं। किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के जरिए किए जाने वाले इस निर्यात में हरे मटर, मिश्रित सब्जियां, मटर एवं गाजर, स्वीट कॉर्न और समोसा शामिल हैं। निर्यात करने वाली इकाई को एपीडा की वित्तीय सहायता योजना के तहत मदद मिली थी। यह खेप भारतीय प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में अवसर बढ़ाने तथा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को वैश्विक खरीदारों

निर्यात-आधारित बाजार तक पहुंच ने किसानों एवं खाद्य उत्पादकों के लिए नए अवसर सृजित किए



एपीडा चेयरमैन अभिषेक देव

एवं बाजारों से जोड़ने की दिशा में एक और कदम है। एपीडा, बाजार तक पहुंच को मजबूत करने और किसान समूहों को निर्यात के अवसरों से जोड़ने वाली पहलों के जरिए एफपीओ/एफपीसी और निर्यातकों के बीच संबंध बनाने में मदद कर रहा है। सभा को संबोधित करते हुए, एपीडा के चेयरमैन अभिषेक देव ने निर्यातकों और हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एफपीओ द्वारा सीधे निर्यात किए जाने से उत्पादकों को बेहतर मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने एनआईएफटीईएम के बहुमूल्य योगदानों की भी सराहना की।

पीएमओ अफसर बताकर 'नबन्ना' में घुसी

मंत्री से मिल दिल्ली भागी महिला, पुलिस ने पकड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय की एक उच्च पदस्थ अधिकारी होने का दावा करने वाली महिला को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया। उस पर आरोप है उसने फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके बंगाल राज्य सचिवालय नबन्ना में प्रवेश किया था। आकांक्षा विद्यार्थी ने बुधवार को झूठे बहाने बना पश्चिम बंगाल के लोक निर्माण मंत्री अजय पोद्दार से मुलाकात तय की। बातचीत के दौरान पोद्दार को उसके असंगत बयानों पर संदेह हुआ और उसने उसकी योग्यता पर



सवाल उठाना शुरू कर दिया। जब विद्यार्थी को अहसास हुआ कि उसकी पहचान उजागर हो गई है, तो वह अचानक परिसर छोड़कर चली गई। अधिकारियों को पता चला कि विद्यार्थी पहले ही दिल्ली के लिए उड़ान भर चुकी थी। गुरुवार को सेंट्रल दिल्ली में विद्यार्थी को उसके घर पर ढूंढा और आखिरकार उसे हिरासत में ले लिया।

लुधियाना के आर्मी कैंप में फौजी की पत्नी से दुष्कर्म

पंजाब पुलिस आरोपों की जांच में जुटी

एजेंसी ▶▶| लुधियाना

- पति जम्मू में तैनात सरकारी क्वार्टर में बेटी संग रहती है

लुधियाना के सीजी आर्मी कैंप में एक जवान पर साथी फौजी की पत्नी से रेप का आरोप लगा है। महिला का पति जम्मू में तैनात है और वह बेटी के साथ कैंप के सरकारी क्वार्टर में रहती है। महिला के मुताबिक, आरोपी ने क्वार्टर दिलाने में मदद की थी। इसके बाद उसका घर आना-जाना बढ़ गया। आरोप है कि नजदीकी बढ़ने के बाद जवान ने जबरदस्ती संबंध बनाए और विरोध करने पर पति से तलाक करवाने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार, 28 सितंबर को आरोपी ने महिला को अपने गेस्ट रूम में बुलाया और वहां उसके साथ जबरदस्ती की। इसके बाद महिला ने पुलिस में शिकायत दी। डिवीजन नंबर-5 पुलिस ने 1 अक्टूबर को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज की है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

तमिलनाडु-हाईवे बोर्ड पर हिंदी लिखने पर 2 अधिकारी सस्पेंड

तमिल और अंग्रेजी में नाम लिखने का नियम

2026 में तीसरी बार हिंदी शब्द मिटाए गए

एजेंसी ▶▶| तमिलनाडु

तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को नेशनल हाईवे साइनबोर्ड पर हिंदी लिखने के मामले में दो असिस्टेंट इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया। मामला तूतीकोरिन के सत्तानकुलम-नाजरेथ स्टेट हाईवे का है, जहां नए साइनबोर्ड पर तमिल और अंग्रेजी के साथ कस्बों के नाम हिंदी में भी लिखे गए थे। तमिलनाडु सरकार के



मुताबिक यह राज्य की दो-भाषा नीति का उल्लंघन है। हिंदी हटाने के साथ दोनों अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। 2026 में हिंदी में लिखे नाम मिटाने का तीसरा मामला है। इससे पहले मार्च में तिरुचिरापल्ली डिविजनल रेलवे ऑफिस के नए भवन के एंट्री गेट पर लिखा कर्तव्य द्वार मिटाया गया था।

राजा वड़िंग ने सौंपा राहुल को औपचारिक रूप से इस्तीफा

पंजाब इकाई में महीनों से चल रही थी खींचतान

पूर्व ओलंपियन परगट सिंह बने पंजाब कांग्रेस के नए अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़/नई दिल्ली

अमरिंदर राजा वड़िंग के पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद शुक्रवार को नए प्रधान का एलान हो गया। परगट सिंह को पंजाब कांग्रेस का नया प्रधान नियुक्त किया है। पंजाब कांग्रेस में लंबे समय से चल रही अंदरूनी खींचतान के बीच कांग्रेस हाईकमान ने बड़ा संगठनात्मक फैसला लिया है। अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की जगह परगट सिंह को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया





अगले साल फरवरी-मार्च में विस चुनाव संभावित

कांग्रेस की पंजाब इकाई में पिछले कई महीनों की खींचतान के बाद शुक्रवार को अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के पद से इस्तीफा औपचारिक रूप से पार्टी नेतृत्व को सौंप दिया। वड़िंग ने शुक्रवार को राहुल गांधी से मुलाकात की और उन्हें औपचारिक रूप से अपना त्यागपत्र सौंपा।

गया है। कांग्रेस महासचिव संगठन वेणुगोपाल की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। परगट की नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब पिछले कई महीनों से अध्यक्ष बदलने को लेकर लगातार चर्चा चल रही थी।

महाराष्ट्र में हादसा : पिकनिक पर गए थे 48 छात्र

समुद्र में आठ छात्रों के डूबने के बाद कोचिंग संस्थान सील

भाषा ▶▶| पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले में आलंदी नगर परिषद ने अनिवार्य अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के बिना संचालित किए जा रहे एक निजी कोचिंग संस्थान के परिसर को शुक्रवार को सील कर दिया। इसके एक दिन पहले रायगढ़ जिले के एक समुद्र तट पर संस्थान के आठ छात्रों की डूबने से मौत हो गई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, 11वीं और 12वीं कक्षा के ये छात्र पुणे जिले के आलंदी स्थित निजी कोचिंग संस्थान 'विनर्स एकेडमी' के एक समूह का हिस्सा थे। यह समूह



'अवैध' संचालन का आरोप, पुलिस कार्रवाई में जुटी, शुक्रवार सुबह सभी शव आलंदी शहर लाए गए

बृहस्पतिवार को रायगढ़ के लोकप्रिय बीच दिवेआगर में पिकनिक के लिए गया था। अधिकारियों के अनुसार, सभी छात्र 16 वर्ष के थे। वे समुद्र में चले गए थे और पानी की गहराई तथा तेज धार का सही अनुमान नहीं पाने के कारण बह गए।

मुंबई में संघ प्रमुख भागवत ने सम्मेलन को संबोधित किया

धर्म-राष्ट्र अलग-अलग नहीं, दोनों एक-दूसरे पर निर्भर

भाषा ▶▶| मुम्बई

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखने में मदद करता है। धर्म संकट में आया तो देश खामियाजा भुगतेगा।

मोहन भागवत ने कहा कि हमारा राष्ट्र और धर्म अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखता है। दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हैं। अगर एक मौजूद है, तो दूसरा भी मौजूद है। अगर एक नहीं है, तो दूसरा भी नहीं है। भागवत ने मुंबई में ऑल इंडिया विहार सेवा ग्रुप के 14वें सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया विकास और पर्यावरण सुरक्षा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन खोज रही है।

भागवत बोले- धर्म संकट में आया तो देश खामियाजा भुगतेगा



मानव जाति के भविष्य की रक्षा करना जरूरी

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि इस ज्ञान को आगे बढ़ाने वाले लोगों के जीवन और परंपराओं को बचाना सिर्फ धार्मिक जिम्मेदारी नहीं है। यह मानवता की सेवा भी है आप सिर्फ एक जीवन की रक्षा नहीं कर रहे हैं। आप पूरी मानव जाति के सुरक्षित भविष्य की रक्षा कर रहे हैं।

भारत से ही हर समस्या का समाधान

भारत ने दूसरे देशों पर कब्जा करने या लोगों का धर्म बदलने की कोशिश किए बिना अपना ज्ञान दुनिया से साझा किया। दुनिया जानती है कि रास्ता भारत से निकलेगा। भारत के पास वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत और गीता जैसी विशाल ज्ञान परंपरा है। इसमें जैन आगम, त्रिपिटक, गुरु ग्रंथ साहिब और संतों की शिक्षाएं भी शामिल हैं।

भक्ति की शक्ति से ईश्वर के करीब पहुंच सकते हैं

हमारे देश के पास ज्ञान का बहुत बड़ा खजाना है, जिसकी आज दुनिया को जरूरत है। भक्ति की शक्ति से ईश्वर के करीब पहुंचा जा सकता है। उन्होंने मुंबई के प्रभादेवी स्थित रवींद्र नाट्य मंदिर में 'ज्ञानरंग : ज्ञानेश्वरी' मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम संत ज्ञानेश्वर महाराज के 750वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था

चिंतन

देश के भविष्य में निवेश है खेल पर हो रहा खर्च

एशियाई खेलों में भारत के खिलाड़ियों का प्रदर्शन देश के लिए गर्व का विषय है, लेकिन पदकों की चमक के साथ एक बड़ा सवाल भी खड़ा होता है। क्या भारत को खेलों पर सरकारी खर्च और बढ़ाना चाहिए? इसका उत्तर केवल पदक तालिका में नहीं है। असल सवाल यह है कि क्या भारत उस खेल संस्कृति का निर्माण कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में देश को विश्व की बड़ी खेल शक्तियों के बीच खड़ा कर सके। एशियाई खेल 2026 अभी जारी हैं। 2 अक्टूबर तक भारत ने 16 स्वर्ण समेत 76 पदक हासिल किए हैं। यह प्रदर्शन बताता है कि भारतीय खेल जगत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। लेकिन तुलना करें तो 2022 के हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत ने 28 स्वर्ण सहित 106 पदक जीते थे। इसलिए मौजूदा प्रदर्शन का मूल्यांकन केवल पदकों की संख्या से करना उचित नहीं होगा। असली उपलब्धि उस व्यवस्था की है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए पहले से कहीं बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए हैं। सरकार का खेल बजट भी इसी बदलाव का संकेत देता है। वित्त वर्ष 2026-27 में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के लिए 4,479.88 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह पिछले वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान 3,346 करोड़ से काफी अधिक है। 'खेलो इंडिया' और राष्ट्रीय खेल महासंघों की सहायता के लिए भी अगले पांच वर्षों के लिए बड़ा वित्तीय प्रावधान किया गया है। एशियाई खेलों की तैयारी में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए लगभग 800 करोड़ से अधिक खर्च किया गया। इससे पता चलता है कि भारत अब खिलाड़ियों को केवल प्रतियोगिता से पहले प्रशिक्षण देने की सोच से आगे बढ़कर दीर्घकालिक तैयारी की ओर बढ़ रहा है। फिर भी सवाल है कि क्या इतना पर्याप्त है? भारत की आबादी और युवा शक्ति को देखते हुए शायद यह पर्याप्त नहीं है। देश में करोड़ों बच्चे और युवा हैं, लेकिन उनमें से कितनों को गुणवत्तापूर्ण खेल मैदान, प्रशिक्षित कोच, आधुनिक उपकरण और नियमित प्रतियोगिताओं की सुविधा मिलती है? यही वह अंतर है जिसे भरना होगा। हर जिले में अच्छे खेल मैदान हों। स्कूलों में खेल शिक्षक और प्रशिक्षक हों। प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान के लिए नियमित प्रतियोगिताएं हों। यदि भारत वास्तव में खेल महाशक्ति बनना चाहता है तो यह पूरा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना होगा। इसके आर्थिक लाभ भी हैं। खेल उपकरणों का निर्माण, फिटनेस उद्योग, स्पोर्ट्स मेडिसिन, कोचिंग, खेल आयोजन, प्रसारण और खेल पर्यटन जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं। यदि भारत खेल उपकरणों का बड़ा विनिर्माता बनता है तो यह खेल बजट को एक व्यापक आर्थिक निवेश में बदल सकता है। भारत को ओलंपिक और उसके आगे की तैयारी अभी से करनी होगी। इसके लिए केवल कुछ स्टार खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की रणनीति पर्याप्त नहीं होगी। हमें ऐसी व्यवस्था चाहिए जिसमें हर वर्ष हजारों प्रतिभाएं खोजी जाएं, उनमें से सैकड़ों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण मिले और उनमें से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी का अवसर मिले। इसलिए सवाल यह नहीं होना चाहिए कि खेलों पर इतना पैसा क्यों खर्च किया जा रहा है। सवाल यह होना चाहिए कि इस निवेश को और प्रभावी कैसे बनाया जाए। भारत के लिए खेल अब केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं हैं। यह स्वस्थ भारत, युवा भारत, रोजगार के नए अवसरों और दुनिया में भारत की बढ़ती पहचान से जुड़ा क्षेत्र है। इसलिए खेल बजट में वृद्धि को खर्च नहीं, भविष्य में निवेश के रूप में देखना होगा।



मुद्दा
राजकुमार सिंह

विपक्ष के निशाने पर ज्ञानेश कुमार

विपक्ष के सवालों के घेरे में तो चुनाव आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद से ही रहा है, लेकिन दो चुनाव आयुक्तों द्वारा 10 महीने में 14 बार आपत्तियों के मीडिया में खुलासे के बाद निशाने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं। तीन दिन की मशक्कत के बाद ज्ञानेश को दोनों चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ बैठक की तस्वीर और 'आयोग में सब कुछ ठीक' होने का दावा करने वाली प्रेस रिलीज जारी करने में तो सफलता मिल गई, लेकिन 'सुधारात्मक कदमों' से सवालों और संदेहों की पुष्टि भी हो गई। यही कारण है कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) से लेकर विपक्ष तक ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे, एसआईआर से पहले की मतदाता सूची बहाल करने और ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से ही चुनाव करवाने की मांग को लेकर सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया है।

विपक्ष के सवालों के घेरे में तो चुनाव आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद से ही रहा है, लेकिन दो चुनाव आयुक्तों द्वारा 10 महीने में 14 बार आपत्तियों के मीडिया में खुलासे के बाद निशाने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं। तीन दिन की मशक्कत के बाद ज्ञानेश को दोनों चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ बैठक की तस्वीर और 'आयोग में सब कुछ ठीक' होने का दावा करने वाली प्रेस रिलीज जारी करने में तो सफलता मिल गई, लेकिन 'सुधारात्मक कदमों' से सवालों और संदेहों की पुष्टि भी हो गई। यही कारण है कि सीजेपी से लेकर विपक्ष तक ने मांगों को लेकर सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया है।

सीजेपी ने मुंबई के शिवाजी पार्क से देशव्यापी आंदोलन की शुरुआत की है तो 'इंडिया' गठबंधन के बैनर तले 20 विपक्षी दलों ने भी दो अक्तूबर से व्यापक आंदोलन शुरू कर दिया है। भाजपा की 'बी टीम' बताई जाती रही बसपा की सुप्रीमो मायावती ने भी ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग की है। दो चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों की बाबत एक अंग्रेजी अखबार द्वारा खुलासे से उत्साहित 'इंडिया' गठबंधन अपने आरोपों को लेकर राष्ट्रपति के पास भी जाएगा और संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के विरुद्ध महाभियोग भी लायेगा। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून की वैधता के साथ ही चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़ी याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई में भी इस बीच किसी फैसले की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष की निगाहें जन साधारण की प्रतिक्रियाओं पर ज्यादा रहेंगी। पेपर लीक मामले में सीजेपी के बैनर तले जंतर मंतर पर 'जेन जी' आंदोलन के चलते नरेंद्र मोदी सरकार 12 साल में पहली बार, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के रूप में, अपने किसी मंत्री का इस्तीफा दिलवाने को मजबूर हुई। फिर भी संसद का मानसून सत्र, दिल्ली पुलिस द्वारा जंतर-मंतर आंदोलनकारियों पर अत्यधिक बल प्रयोग और कथित पैलेट गन के इस्तेमाल की जिम्मेदारी के सवाल सत्तापक्ष और विपक्ष में तनातनी में बह गया। दो चुनाव आयुक्तों को बताये बिना ही मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा फैसले लेने के मीडिया में खुलासे से संसद के शीतकालीन सत्र से पहले ही विपक्ष को उससे भी बड़ा मुद्दा हाथ लग गया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद से ही चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' के आरोप लगाते रहे हैं, जो पश्चिम बंगाल के बाद 'सरकार चोरी' में बदल गये। चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ दल भाजपा उन आरोपों को खारिज करते हुए इसी बीच कुछ विधानसभा चुनावों में विपक्ष की जीत को लेकर सवाल पूछते रहे, लेकिन दो चुनाव आयुक्तों द्वारा फॉर्म- 6 समेत एसआईआर प्रक्रिया तथा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आपत्ति के खुलासे से विपक्ष के तेवर ज्यादा आक्रामक हो गये हैं। भाजपा का तर्क है, क्योंकि चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठा कर विपक्ष उसकी सरकारों की वैधानिकता पर संदेह का माहौल बना रहा है, इसलिए उसे जवाब देना ही पड़ेगा।



तर्क पूरी तरह निराधार भी नहीं, लेकिन अपनी कार्य प्रणाली पर अंदर से उठे सवालों पर पूर्ण चुनाव आयोग या मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस से परहेज भी संदेह और सवालों को बल प्रदान कर रहा है। दरअसल चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून और खासकर ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति के चलते चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पहले से ही संदेह और सवालों के घेरे में है। सर्वोच्च न्यायालय दो बार टिप्पणी कर चुका है कि चुनाव आयोग को स्वतंत्र होना ही नहीं चाहिए, दिखना भी चाहिए। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियां और सवाल चुनाव आयोग के साथ ही केंद्र सरकार को भी कठघरे में खड़ा करते हैं। पिछली बार सर्वोच्च न्यायालय ने सवाल किया: 'जब चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केबिनेट मंत्री शामिल हैं, तब क्या यह व्यवस्था वास्तव में 'स्वतंत्र' है या सिर्फ स्वतंत्रता का दिखावा भर है?... 'इस संरचना में कार्यपालिका का वर्चस्व स्पष्ट दिखाई पड़ता है। 'न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सवाल किया कि जब सीबीआई निदेशक की नियुक्ति समिति में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते हैं तो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति समिति में किसी स्वतंत्र सदस्य को जगह क्यों नहीं दी गई? पीठ ने टिप्पणी की: 'लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए स्वतंत्रता उतनी ही जरूरी है, जितनी कानून व्यवस्था के लिए। 'सर्वोच्च न्यायालय के इस सवाल पर अटार्नी जनरल वेंकटरमणी निरुत्तर हो गये थे कि अगर प्रधानमंत्री एक नाम चुनें और विपक्ष का नेता दूसरा, तो तीसरा सदस्य यानि प्रधानमंत्री द्वारा नामित केबिनेट मंत्री किसके पक्ष में जाएगा? पीठ ने टिप्पणी की: 'जब हर निर्णय 2-1 के बहुमत से सरकार के पक्ष में ही जाने की संभावना है, तो फिर विपक्ष के नेता को समिति में रखने का औचित्य ही क्या है? यदि केबिनेट मंत्री, प्रधानमंत्री के विरुद्ध नहीं जायेंगे तो विपक्ष के नेता की भूमिका मात्र 'सजावटी' बन कर रह जाती है। 'सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान की मूल संरचना का हिस्सा है, पर वह तभी संभव है, जब चुनाव आयोग न सिर्फ स्वतंत्र हो, बल्कि जनता को स्वतंत्र दिखाई भी दे। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने हाल ही में यही टिप्पणी फिर दोहरायी, पर विभाजित फैसले में याचिका की सुनवाई बड़ी पीठ द्वारा किए जाने का विकल्प खुला छोड़ दिया। ध्यान रहे कि दशकों तक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति बिना किसी कानून के की जाती रही। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून के अभाव में केंद्र सरकार की मनमर्जी रोकने के लिए पारदर्शी प्रक्रिया की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर की गई थीं। उन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दो मार्च, 2023 को संविधान पीठ ने फैसला दिया कि इस बाबत संसद द्वारा कानून बनाये जाने तक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति देश के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता की समिति की सिफारिश पर होगी। उसी साल 28 दिसंबर को संसद ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 पारित कर कानून बना दिया, जिसमें तीन सदस्यीय चयन समिति में मुख्य न्यायाधीश के बजाय प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केबिनेट मंत्री को जगह दी गई। बेशक सर्वोच्च न्यायालय ने नहीं कहा था कि मुख्य न्यायाधीश को नियुक्ति समिति में रखा ही जाना चाहिए, लेकिन उन्हें बाहर कर केबिनेट मंत्री को शामिल करने से संदेश गया कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सरकार अपना वर्चस्व चाहती है। विपक्ष के तमाम संदेह और सवाल इसी संदेश से उपजे, जिन्हें आयोग के अंदरूनी विवाद से बल भी मिल गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विमान हादसा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल



कैप्टन स्मित की दिलेरी को सलाम...

जब हौसला बना 174 जिंदगियों का कवच...! जब सूझबूझ ने बनाया महामानव ...! आज की दुनिया में जब हम सुपरहीरो की कहानियां पर्दे पर देखते हैं, तो असली हीरो की पहचान भूल जाते हैं। 30 सितंबर की रात 34,000 फीट की ऊंचाई पर एक भारतीय कैप्टन ने साबित कर दिया कि असली हीरो कैप नहीं पहनते, वर्दी पहनते हैं। उनका नाम है - कैप्टन स्मित मच्छार। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं। यह फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड1073 की सच्ची दास्तान है, जो दुबई से तेल अवीव जा रही थी। वो 90 सेकंड जब मौत सामने थी...! फ्लाइट जॉर्डन के हवाई क्षेत्र से गुजर रही थी। कॉकपिट में अचानक कयामत टूट पड़ी। रिपोर्ट्स,एजेंसी व एआई के मुताबिक, ओमानी मूल के सह-पायलट ने क्रैश एक्स और चाकू से कैप्टन स्मित पर जानलेवा हमला कर दिया। उसका मकसद विमान को क्रैश कराना था। हमले में कैप्टन स्मित गंभीर रूप से घायल हो गए।शरीर से खून बह रहा था। इसी बीच विमान ने 90 सेकंड में 34,000 फीट से 16,600 फीट तक गोता लगा दिया। लगभग 14,000 फीट की सीधी गिरावट। यात्रियों में चीख-पुकार...! केबिन में अफरा-तफरी...! आम तौर पर ऐसी स्थिति में पायलट होश खो देता है। पर गुजरात के सावरकुंडला के इस प्रतिभा पुत्र ने अदम्य साहस दिखाया। लहूलुहान होने के बावजूद अटूट संकल्प...! भारी खतरे का सामना करते हुए गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने तीन काम किए जो एविएशन इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। पहला, उन्होंने ट्रांसपोंडर कोड 7700 सेट किया। यानी इमरजेंसी सिग्नल, और दूसरा कोड जो गैर-कानूनी हस्तक्षेप को दर्शाता है। दूसरा, अपनी आखिरी ऊर्जा बटोरकर, फर्श पर लहूलुहान पड़े-पड़े उन्होंने कॉकपिट के दरवाजे का लॉक खोला। तीसरा, दर्द को भूलकर उन्होंने विमान को स्थिर करने की कोशिश जारी रखी। विमान में मौजूद फ्लाईदुबई के दो अन्य पायलटों ने मोर्चा संभाला और विमान को सऊदी अरब के तबूक एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड करा दिया। उस विमान में 174 यात्री थे, जिनमें ज्यादातर इजरायली नागरिक थे। आज वे सभी अपने परिवार के साथ हैं, तो सिर्फ कैप्टन स्मित की वजह से। कैप्टन स्मित मच्छार मूल रूप से मुंबई के हैं। उन्होंने 2011 में स्पाइसजेट से अपना करियर शुरू किया। 11 साल तक लाइन-ट्रेनिंग कैप्टन और सीनियर कमांडर रहे। जून 2022 में वे फ्लाईदुबई में डायरेक्ट-एंट्री कैप्टन बने। उनके पास बोइंग 737 पर 9750 घंटे से ज्यादा का अनुभव है। कभी परिवार के टेक्सटाइल बिजनेस के लिए मैनेजमेंट पढ़ने वाले स्मित ने एक एविएशन सेमिनार में अपना जुनून पहचाना और आज वे दुनिया के लिए मिसाल बन गए। भारत से लेकर इजरायल तक सलाम...! इस दिलेरी ने दो देशों के प्रधानमंत्रियों को एक मंच पर ला दिया। भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि -भारत को कैप्टन मच्छार पर गर्व है। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन्हें 'सच्चा हीरो' बताया। उन्होंने 174 लोगों की जान बचाई। वे एक सच्चे हीरो हैं। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने भी कहा - 'इंडियन, इजरायली, एमिराती - अलग-अलग राष्ट्रीयता, पर एक असाधारण साहस का कार्य। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने कहा -ए ट्रू रियल लाइफ हीरो, तो सुरेश रैना ने उन्हें 'गुजरात का भूमिपुत्र' कहकर गर्व जताया। गुजरात सरकार ने उन्हें 'गुजरात गौरव पुरस्कार' देने की घोषणा की है। आज कैप्टन स्मित अबू धाबी के अस्पताल में भर्ती हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार वे खतरे से बाहर हैं। तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। यह कहानी हमें सिखाती है कि वर्दी सिर्फ नौकरी नहीं, जिम्मेदारी है। कैप्टन स्मित ने जब कॉकपिट का दरवाजा खोला, तो उन्होंने सिर्फ दरवाजा नहीं, 174 परिवारों के लिए जिंदगी का दरवाजा खोल दिया। यही सबसे बड़ी बात है, जिसे दुनिया अब समझ रही है। कैप्टन स्मित मच्छार ने 9/11 जैसी त्रासदी रोक दी ...! इजरायली पीएम नेतन्याहू ने इसीलिए कहा - उन्होंने एक भयावह हवाई त्रासदी को ताल दी।" फर्क सिर्फ इतना है, 9/11 में हमले के बाद हीरो बने, यहां कैप्टन स्मित ने हमले को ही हीरोइज्म में बदल दिया। इसीलिए आज भारत ही नहीं, तेल अवीव की सड़कों पर भी लिखा है –"थैंक यू ,कैप्टन स्मित –यू आर रियल आयरन डोम इन द स्काइ" सचमुच, कैप्टन स्मित की दिलेरी को सलाम... !



(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हर अपराधी में होता है सहायता के लिए पुकारता इंसान



संकलित
दर्शन

विश्वास और संवाद का टूटना ही सभी संघर्षों को जन्म देता हैं। लेकिन जब किसी को यह महसूस होता है कि उसे समझा जा रहा है, तो वह सुनना शुरू करता है और सबसे कठोर हृदय भी धीरे-धीरे पिघलने लगता है। गहरी समझ यह है कि हर अपराधी के भीतर एक पीड़ित छिपा होता है, जो सहायता के लिए पुकार रहा होता है, एक ऐसी चोट जो देखभाल चाहती है। यदि आप उन्हें ठीक होने में सहायता करें और यह अनुभव दें कि उनकी बात को सुना जा रहा है तो अपराधी स्वतः ही विलीन हो जाता है। करुणा, प्रज्ञा और वैराग्य का अंतर्संबंध यदि आप मेरी दृष्टि से देखें, तो वे सभी सुंदर हैं। यह सब समझने, सुनने और करुणामय होने की बात है। करुणा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हम मांगें या जिसके लिए किसी के कहने का इंतजार करें।

करुणा हमारा स्वभाव है, हमारी मूल प्रकृति। करुणा को सशक्त बनाए रखने के लिए उसके साथ दो और गुणों का होना आवश्यक है-प्रज्ञा और वैराग्य। यदि इनमें से कोई एक भी अनुपस्थित हो, तो करुणा अपनी शक्ति खो देती है। प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति करुणामय होते हुए भी विरक्त कैसे रह सकता है।

जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहाँ गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

अंतर्मन



आज की पाती

खादी से स्वदेशी और स्वरोजगार की राह

महात्मा गांधी ने देश को आजाद कराने के लिए स्वदेशी अपनाओ पर भी जोर दिया था। उन्होंने देश में स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए ऊन, रेशम और सूत के धागों को कात कर खादी को बढ़ावा देने के लिए काम किया था। पहले तो खादी को हाथ से चरखा कात कर तैयार किया जाता था, हालांकि अब इसके लिए मशीनें भी आ गई है। महात्मा गांधी ने उस समय खादी के निर्माण को रोजगार का भी बहुत अच्छा साधन माना था। महात्मा गांधी ने खादी के लिए कहा था कि 'मैं स्वराज का विक्रेता हूं और मैं खादी का भक्त हूं। मेरा लोगों को हर ईमानदारी से खादी पहनने के लिए प्रेरित करना प्रथम कर्तव्य है।' – **जगदीश बजाज**, रोहतक

ट्रेंड

परवीन को बधाई

एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं के 65 किलो बॉक्सिंग इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने पर परवीन को बधाई। आपकी कड़ी मेहनत और लगन से मिली यह जीत इतिहास में दर्ज हो गई है और हर भारतीय को आप पर गर्व है। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री



गर्व की बात

हर भारतीय के लिए यह गर्व की बात है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैश्विक शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की है। आज दुनिया भारत की ताकत देख रही है, भारत की आवाज सुन रही है और शांति के लिए भारत के प्रयासों को स्वीकार कर रही है।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली



बापू का संदेश

सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए, बापू ने देश को आजादी का रास्ता दिखाया। आज, जब समाज में बंटवारे की कोशिशें दिखाई दे रही है, तब बापू का सत्य, अहिंसा, निर्भयता, सद्भाव और सर्व-कल्याण का संदेश हमें और भी मजबूत बनाता है।
- **हेमंत सोरेन**, सीएम, झारखंड



चुनाव आयोग

देश के युवा अपने वोट और संविधान की रक्षा के लिए सड़कों पर हैं। वोटर लिस्ट और चुनाव प्रक्रिया पर उठ रहे गंभीर सवालों के बीच चुनाव आयोग अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकता। वोट की चोरी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी; मुख्य चुनाव आयुक्त को इस्तीफा देना ही होगा।
- **कुमारी सैलजा**, सांसद, कांग्रेस



करंट अफेयर

हेगसेथ ने पेंटागन में धार्मिक मामलों का कार्यालय बनाया

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पेंटागन में धार्मिक मामलों का एक नया कार्यालय शुरू किया है, जो सीधे उन्हें रिपोर्ट करेगा। यह उनके कार्यकाल में धर्म से जुड़ा नवीनतम सुधार है। हेगसेथ ने बुधवार को एक भाषण में कहा कि यह कार्यालय ' 'उच्चस्तरीय धार्मिक सहायता'' उपलब्ध कराने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, ' 'जब हम भौतिक युद्ध लड़ रहे हैं, तो हम सभी जानते हैं कि असली लड़ाई आध्यात्मिक है।'' पेंटागन के अनुसार, धार्मिक मामलों का कार्यालय (ओआरए) सैन्य पादरियों और धार्मिक सहायता के लिए रक्षा विभाग के उच्चतम स्तर पर काम करेगा। हालांकि, यह किसी को धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए बाध्य नहीं करेगा, किसी एक धर्म को प्राथमिकता नहीं देगा और किसी भी धर्म को मानने या न मानने वाले सैन्यकर्मियों के अधिकारों को कम नहीं करेगा। इस पहल की आलोचना भी हुई है। चर्च और राज्य को अलग-अलग रखने के लिए काम करने वाले संगठन 'अमेरिकन्स यूनाइटेड फॉर सेपरेशन ऑफ चर्च' की प्रमुख रेचल लेजर ने कहा कि रक्षा विभाग का दायित्व सैन्यकर्मियों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पहल अमेरिकी सैन्य नीति में ईसाई धर्म की भूमिका बढ़ाती है।



ऑफ बीट

क्या वाकई में 'राइट-ब्रेन' वाले लोग ज्यादा रचनात्मक होते हैं?

क्या आप तार्किक हैं, बारीकियों पर ध्यान देते हैं या गणित में अच्छे हैं? तो संभव है कि आपको 'लेफ्ट-ब्रेन' वाला कहा जाए। वहीं, रचनात्मक, कलात्मक और सहज-बोध वाले लोगों को अक्सर 'राइट-ब्रेन' वाला माना जाता है। हालांकि वैज्ञानिक शोध इस लोकप्रिय धारणा का समर्थन नहीं करता कि किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व या रचनात्मकता मुख्य रूप से मस्तिष्क के एक हिस्से पर निर्भर करती है, लेकिन इस पर बहस भी नहीं थमती। यह विचार लंबे समय से रहा है कि कुछ लोगों के मस्तिष्क का बायां हिस्सा अधिक प्रभावी होता है, जबकि कुछ लोगों का दायां हिस्सा। माना जाता है कि यही अंतर उनकी सोचने की शैली और व्यक्तित्व को तय करता है। लेकिन इस धारणा की शुरुआत मस्तिष्क के दोनों हिस्सों के वास्तविक अंतर से हुई थी। 1860 के दशक में फ्रांसीसी चिकित्सक पॉल ब्रॉका ने पाया कि बोलने की क्षमता मुख्य रूप से मस्तिष्क के बाएं हिस्से से जुड़ी है। इससे पहली बार यह संकेत मिला कि मस्तिष्क के दोनों हिस्सों की अलग-अलग भूमिकाएं हो सकती हैं। अध्ययनों से पता चला कि बायां हिस्सा भाषा जैसे कार्यों में अधिक विशेषज्ञ है, जबकि दायां हिस्सा भावनात्मक और गैर-मौखिक सूचनाओं के प्रसंस्करण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क के कार्यों का इस तरह अलग-अलग हिस्सों में केंद्रित होना केवल इंसानों तक सीमित नहीं है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

भारत को एक मिनट में मिले 2 गोल्ड, बॉक्सर अंकुश और रेसलर सुजीत बने चैंपियन

एजेंसी ▶▶| नागोया

सबसे पहले कुश्ती के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में सुजीत कलकल ने शानदार मुकाबला जीतकर भारत को कुश्ती में गोल्ड दिलाया। सुजीत ने फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुलमाजिद कुडिएव को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह 2026 एशियन गेम्स में भारत का कुश्ती में पहला गोल्ड भी है।

इसके तुरंत बाद बॉक्सिंग में अंकुश पंघाल ने पुरुषों के 80 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम मिनसियोंग को 4-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। अंकुश ने पूरे मुकाबले में बढ़त बनाए रखी और शानदार प्रदर्शन के साथ एशियन गेम्स का खिताब अपने नाम किया।

एशियन गेम्स 2026 में शुक्रवार का दिन भारत के लिए बेहद खास रहा। कुश्ती और बॉक्सिंग में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में गोल्ड मेडल डाल दिए। इसी गोल्डन सिलसिले में पहलवान सुजीत कलकल और बॉक्सर अंकुश पंघाल ने अपने-अपने फाइनल मुकाबले जीतकर भारत का नाम रोशन किया।



बॉक्सिंग में एक दिन तीन गोल्ड मेडल

भारतीय बॉक्सिंग टीम ने इस दिन तीन गोल्ड मेडल पूरे किए। इससे पहले लवलीना बोरगोहेन और परवीन हुड्डा भी अपने-अपने फाइनल जीतकर स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी थीं। यानी एशियन गेम्स के इस दिन भारत के लिए बॉक्सिंग और कुश्ती से लगातार गोल्ड आने का सिलसिला देखने को मिला।



सेपकटकरा : भारत को मिला कांस्य

भारतीय टीम शुक्रवार को एशियाई खेलों की सेपकटकरा प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में मेजबान जापान से 0-2 से हार गई और इस तरह से उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत सेमीफाइनल मैच 12-15, 13-15 से हार गया। भारतीय टीम ने दूसरे सेट में जापान को कड़ी चुनौती दी लेकिन आखिर में वह जीत हासिल करने में कामयाब नहीं हो पाई। इससे पहले भारत ने अपने सभी मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसने ग्रुप चरण में लाओस (2-0), वियतनाम (2-0) और म्यांमार (2-1) को हराया था। दूसरी ओर जापान ने ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल किया था। उसकी शुरुआत इंडोनेशिया से 1-2 की हार से हुई थी। इसके बाद उसने सिंगापुर और कोरिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

क्रिकेट : आज टीम इंडिया के सामने पाकिस्तान की चुनौती



नागोया। विश्व चैंपियन भारत शनिवार को एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट के स्वर्ण पदक मुकाबले में पाकिस्तान की युवा टीम के खिलाफ अपने अनुभवी सितारों से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। दोनों देशों के बीच यह मुकाबला एशियाई खेलों की पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का अब तक का सबसे अधिक राजनीतिक तनाव वाला फाइनल होगा। मैदान पर दोनों टीमें जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और मैदान के बाहर भी दोनों के बीच तनातनी बनी रहने की संभावना है। पिछले साल एशिया कप के दौरान शुरू हुई हाथ न मिलाने की परंपरा के कारण इस मुकाबले से पहले या बाद में भी खिलाड़ियों के एक-दूसरे से हाथ मिलाने की संभावना बेहद कम है।
लगातार बारिश के कारण दोनों टीमों को मैदान पर सीधे सेमीफाइनल मुकाबले में उतरना पड़ा। दोनों टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल आसानी से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इस तरह दोनों को स्वर्ण पदक के लिए सिर्फ दो मुकाबले जीतने पड़े हैं। भारत के अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण और नये टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर के लिए यह मुकाबला चुनौतीपूर्ण होगा।



महिला डिंगी सेलिंग : नेत्रा ने कांस्य पदक किया अपने नाम

गामागोरी सिटी। भारत की नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को एशियाई खेलों की महिला डिंगी सेलिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपने चौथे एशियाई खेल अभियान में पहला पदक हासिल किया। चेन्नई की 29 वर्षीय नेत्रा ने कुल 14 अंक हासिल किए। दो बार की इस ओलंपियन ने फाइनल रेस में सात और क्वालीफिकेशन रेस में भी सात अंक जुटाए और तीसरे स्थान पर रहीं। थाईलैंड की सोफिया मॉन्टगोमरी ने पांच अंक के साथ स्वर्ण, जबकि सिंगापुर की जेनिया आंग ने 13 अंक के साथ रजत पदक जीता। नेत्रा ने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा, 'मेरी भावनाएं मिली-जुली हैं। यह मेरे चौथे एशियाई खेल हैं और आखिरकार यहां से कोई पदक लेकर लौटना अच्छा लग रहा है। मैंने हालांकि कई गलतियां कीं और काफी अंक गंवाए।' सेलिंग में प्रत्येक रेस में हासिल किए गए स्थान के आधार पर अंक दिए जाते हैं। पहला स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को एक अंक मिलता है और सबसे कम कुल अंक वाला खिलाड़ी विजेता बनता है। नेत्रा ने अपनी अंतिम दो रेस में से एक में जीत हासिल की, जबकि दूसरी रेस में वह छठे स्थान पर रहीं।

तीरंदाजी : महिला रिकर्व टीम ने जीता ऐतिहासिक स्वर्ण



नागोया। महिला रिकर्व टीम ने 10 बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता, जबकि पुरुष रिकर्व और मिश्रित रिकर्व टीमों ने रजत पदक अपने नाम कर एशियाई खेलों की तीरंदाजी में शुक्रवार के दिन को भारत के लिए शानदार बना दिया। रिकर्व टीमों के इस शानदार प्रदर्शन से पहले भारतीय कंपाउंड तीरंदाज सभी टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदकों पर कब्जा कर चुके हैं। भारत ने तीरंदाजी में अब तक कुल सात पदक जीत लिए हैं, जिनमें चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य शामिल हैं। अंकिता भकत, कोर्ति शर्मा और 17 वर्षीय कुमकुम मोहोड़ की महिला रिकर्व टीम दिन का पहला पदक दिलाया। भारतीय तिकड़ी ने तेज हवा के कारण चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच धैर्य बनाए रखते हुए गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 5-3 (54-54, 56-56, 55-51, 54-54) से हराकर यादगार जीत दर्ज की।

पुरुष हॉकी : टीम की नजरें स्वर्ण पर, आज मलेशिया से खिताबी भिड़ंत

काकामिगाहारा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मलेशिया के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल में शनिवार को अपना खिताब बरकरार रखने और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 का टिकट कटाने के लिए गलतियों से सबक लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम ने कभी लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता है और उसके पास शनिवार को यह कामयाबी हासिल करके भारतीय हॉकी का सुनहरा अध्याय लिखने का मौका है। दूसरी ओर मलेशिया ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले तीन बार में मलेशिया दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा मलेशिया ने अच्छा प्रदर्शन किया है और यह मुकाबला अच्छा रहेगा।

खबर संक्षेप



प्रणवी को एकल बढ़त स्वर्ण पदक की उम्मीद

नागोया। भारत की प्रणवी उर्स ने शुक्रवार को तीसरे दौर में चार अंडर 66 का स्कोर बनाकर तीन स्ट्रोक की बढ़त हासिल कर ली और एशियाई खेलों की महिला गोल्फ प्रतियोगिता में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक के लिए खुद को मजबूत दावेदार बना दिया। पहली बार एशियाई खेलों में भाग ले रही मैसूर की इस 23 वर्षीय खिलाड़ी का कुल स्कोर 15 अंडर 195 है और वह सिंगापुर की शैनन टैन से तीन शॉट आगे है, जो तीसरे दौर में एक-ओवर 71 के स्कोर के साथ लड़खड़ा गईं और नीचे खिसक गई। शैनन से एक स्ट्रोक पीछे चीन की यिन रुओनिंग हैं। उन्होंने चार अंडर 66 का कार्ड खेलकर कुल 11-अंडर 199 का स्कोर हासिल किया। प्रणवी के स्कोर में पांच बर्डी शामिल थीं, जबकि उन्होंने पार-फोर 14वें होल पर एक बोगी लगाई। उन्होंने पहले, तीसरे और आठवें होल में बर्डी बनाई।

समापन समारोह में ध्वजवाहक होंगी नीरू



नागोया। ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा रविवार को एशियाई खेलों के समापन समारोह में भारत की महिला ध्वजवाहक होंगी।
नीरू ने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक और एक टीम रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी अपना तीसरा पदक जीतने के एक दिन बाद भारत लौट गई थी। अब वह समापन समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व करने के लिए शनिवार सुबह नागोया वापस जाएंगी। भारत की उपमाशन प्रमुख अंजलि भागवत ने शुक्रवार को बताया, 'नीरू समापन समारोह में महिला ध्वजवाहक होगी।

गेंदबाजी की 'गुत्थी' सुलझाने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

भारत और वेस्टइंडीज के बीच आखिरी वनडे आज

पहले दो मैच में जीत हासिल कर चुकी भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी गेंदबाजी की गुत्थी सुलझानी होगी, जिसमें अनुभवी रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। भारत ने सीरीज में दबदबा बनाए रखा है, लेकिन उनके प्रदर्शन के बजाय चर्चा पिच के बल्लेबाजी के अनुकूल होने पर केंद्रित रही है, क्योंकि पिछले वनडे में 800 से अधिक रन बने थे। इन परिस्थितियों की आलोचना करने वालों में भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी शामिल हैं, जो बल्ले और गेंद के बीच संतुलन देखना चाहते हैं। सीरीज में पहले ही अजेय बढ़त ले चुकी भारतीय टीम अब अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।



युजवेंद्र चहल ने लाल गेंद क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय टीम से बाहर चल रहे लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने पिछले महीने लॉर्ड्स के प्रतिष्ठित मैदान पर नॉर्थम्पटनशर की ओर से मिडलसेक्स के खिलाफ अपना आखिरी इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।

भारत के लिए 72 वनडे और 80 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके चहल लाल गेंद की क्रिकेट में अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए। उन्होंने 49 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिनमें 6 बार पांच या इससे अधिक विकेट लेने के



कारनामे सहित 148 विकेट लिए। नॉर्थम्पटनशर की तरफ से अपने अंतिम प्रथम श्रेणी सत्र में चहल ने 5 मैचों में 21 विकेट लिए, जिसमें डरहम के खिलाफ एक मैच में 9 विकेट लेना भी शामिल है।

टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सपना था

चहल ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, 'मैंने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच लॉर्ड्स में खेला था। यह कहते हुए मैं भावुक हो रहा हूं क्योंकि टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सपना था। एक ऐसा सपना, जिसे मैंने कई साल तक संजोकर रखा। भले ही यह सपना पूरा न हुआ हो, लेकिन मैं अपने अब तक के सफर से पूरी तरह संतुष्ट हूं।' उन्होंने कहा, 'मेरे लिए लाल गेंद का क्रिकेट केवल एक अन्य प्रारुप नहीं था। यहीं मैंने धैर्य, जज्बा, दृढ़ता और घंटों तक मैदान पर रहकर हर रन और हर विकेट के लिए संघर्ष करने के आनंद का मतलब सीखा।'

कोलकाता पहुंची ब्राजील की फुटबॉल टीम, आज होगा रोमांचक मुकाबला

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय फुटबॉल टीम अभी तक के अपने सबसे बड़े मुकाबले में शनिवार को जब पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील के खिलाफ प्रतिष्ठित सॉल्ट लेक स्टेडियम में मैत्री मैच खेलने के लिए उतरेगी तो वह बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलने की कोशिश करेगी। कई स्टार खिलाड़ियों से सजी



और विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ब्राजील पहली बार भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। उसकी टीम में रियाल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर, आर्सेनल के डिफेंडर गैब्रियल मैगाल्हेस, मिडफील्डर ब्रूनो गुइमारेस और अनुभवी मार्क्विनहोस शामिल हैं। ब्राजील की टीम ऐसे शहर पहुंची है, जहां उनकी पीली जर्सी के दीवानों की कमी नहीं है। विश्व कप के दौरान यह शहर ब्राजील और अर्जेंटीना की जर्सी रंग से पटा रहता है। कागजों पर भले ही यह मुकाबला बेमेल नजर आ रहा हो लेकिन 138वें स्थान पर काबिज भारत के लिए अपनी प्रगति को परखने का यह शानदार मौका है।

भारत-पाक एशियाड फाइनल में नहीं आएंगे नकवी

दुबई। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी जापान के निशिन शहर के कोरोगी पार्क में शनिवार को होने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच एशियाई खेलों



के स्वर्ण पदक मुकाबले के दौरान उपस्थित नहीं होंगे एसीसी ने आधिकारिक मीडिया हैंडल 'एक्स' पर लिखा, ''एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पूर्व निर्धारित प्रतिबद्धताओं के कारण एशियाई खेल 2026 के फाइनल में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन स्वर्ण और कांस्य पदक मुकाबलों से पहले सभी चार टीम को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेजते हैं। नकवी ने इस पोस्ट में कहा, 'एशियाई खेल 2026 में स्वर्ण और कांस्य पदक मुकाबलों से पहले सभी प्रतिभागियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। प्रतिबद्धताओं के कारण मैं नागोया से दूर रहूंगा। लेकिन मैं कुछ रोमांचक मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार करूंगा। '

टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ सीरीज पर जमाया कब्जा

इंडिया ए ने कराया ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मैच ड्रॉ



एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

ऑस्ट्रेलिया ए के इंडिया ए ने दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच को बचा लिया है। मैच की चौथी पारी में जीत के लिए 365 रनों का लक्ष्य दिया था।

मैच में एक दिन से ज्यादा का समय बचा हुआ था। इसके बाद भी मुश्किल विकेट पर इंडिया ए ने मैच को ड्रॉ करवा दिया है। आखिरी दिन ऑस्ट्रेलिया ए को 9 विकेट की जरूरत थी लेकिन उनके गेंदबाज 8 ही भारतीय बल्लेबाजों को आउट कर पाई। दो मैचों की इस सीरीज को इंडिया ए ने 1-0 से अपने नाम किया।

इंडिया ए ने चौथी पारी में 310 रन बनाए

इंडिया ए ने अपनी चौथी पारी में 9 विकेट पर 310 रन बनाए। जब टीम का 9वां विकेट गिरा तो 18 गेंद का खेल बाकी थी। नचिकेत भुटे ने प्रफुल हिंगे के साथ मिलकर टीम को बचा लिया। भुटे ने 21 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए। वहीं हिंगे ने 6 गेंदों का सामना किया और विकेट नहीं दिया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ए ने 358 रन बनाए तो इंडिया ए की टीम 167 रन ही बना सकी। दूसरी पारी को ऑस्ट्रेलिया ए ने 4 विकेट पर 173 रन बनाकर घोषित कर दी।

देशपांडे और यश राठौर की फिफ्टी

इंडिया ए के लिए नाइटवॉच मैन के रूप में उतरे तुषार देशपांडे ने फिफ्टी ठोकी। वह तीसरे दिन स्टंप से पहले साई सुदर्शन के आउट होने के बाद उतरे थे। 119 गेंदों पर देशपांडे के बल्ले से 119 गेंदों पर 52 रनों की पारी निकली। वहीं यश राठौर ने 138 गेंद पर 80 रन बनाए। ओपनर आयुष पांडे ने 80 गेंद पर 19 रनों का योगदान दिया। इंडिया ए के कप्तान देवदत्त पडिक्कल ने 26 और शेख रशीद ने 38 रन नबाए। कुमार कुशाग्र और तनुष कोटियान 1-1 रन का ही योगदान दे पाए।

नेशंस लीग फुटबॉल : जर्मनी ने सर्बिया को दी शिकस्त

जर्मनी कोच जुर्गेन क्लोप ने चखा जीत का स्वाद

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

जर्मनी के मुख्य कोच के रूप में जुर्गेन क्लोप ने आखिरकार पहली जीत का स्वाद चखा जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में भी पुर्तगाल ने नेशंस लीग फुटबॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क को 4-2 से हराया। फ्लोरियन विर्ट्ज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत में जर्मनी ने म्यूनिख में ग्रुप ए2 में सर्बिया को 2-0 से हराया।

पूर्व खिलाड़ी 59 वर्षीय क्लोप नीदरलैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ और यूनान के हाथों मिली 0-1 की चौंकाने वाली हार के बाद अपने शुरुआती तीनों मैचों में जीत से महरूम रहने वाले जर्मनी के पहले कोच बनने की कगार पर थे। टॉम बिशॉफ 39वें मिनट में ने गोल कर जर्मनी को बढ़त दिलाई। विर्ट्ज ने इसके बाद मैक्सिमिलियन मिटेलश्टेट के क्रॉस पर शानदार गोल करके जर्मनी की बढ़त 2-0 कर दी।



कोच और रोनाल्डो में मतभेद

पुर्तगाल ने दिग्गज क्रिस्टियनो रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में कोपेनहेगन मे डेनमार्क को 4-2 से हराया। कोच जॉर्ज जीसस के साथ कथित मतभेद के बाद रोनाल्डो ने एक दिन पहले ही टीम का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद उनके अंतरराष्ट्रीय करियर के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। रोनाल्डो की जगह खेल रहे गोंकालो रामोस ने जोआओ कैंसेलो के शुरुआती गोल में मदद की।

गोल नहीं कर सके हालैंड

वेल्स ने कार्डिफ में 10 खिलाड़ियों वाली नॉर्वे की टीम को 2-1 से हराकर ग्रुप ए4 में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस मुकाबले में नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड गोल नहीं कर सके। हालैंड के लिए यह अपने देश की ओर से पिछले 18 प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में केवल दूसरा मैच था, जिसमें वह गोल नहीं कर सके।

पुतिन ने कहा कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी हर मुलाकात में यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने का मुद्दा उठाते हैं। वे ऐसे सुझाव लेकर आते हैं, जो दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य हैं। वे इस झगड़े को शांति से और जल्द सुलझाना चाहते हैं

23वें वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब के मुख्य सत्र में पुतिन बोले

यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए पीएम मोदी के पास अच्छे सुझाव

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 23वें वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब के मुख्य सत्र में पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। पुतिन ने कहा कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी हर मुलाकात में यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने का मुद्दा उठाते हैं। वे ऐसे सुझाव लेकर आते हैं, जो दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य हैं।

वे इस झगड़े को शांति से और जल्द सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी बहुत अच्छे सुझाव देते हैं, जिनका मकसद ऐसे समाधान तलाशना होता है जो दोनों पक्षों को स्वीकार हों, खास तौर पर ऐसे समाधान जिन पर दोनों पक्ष सहमत हो सकें।

उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के लिए ऋण देने के लिए तैयार | भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता की सराहना की



व्लादिमीर पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

पीएम मोदी का रूख निष्पक्ष

पुतिन ने कहा कि संघर्ष विराम में प्रधानमंत्री मोदी की गहरी रुचि है और उनके पास ऐसे बहुत अच्छे विचार हैं, जिनका उद्देश्य दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तलाशना है। इस अर्थ में पीएम मोदी निश्चित रूप से तटस्थ रुख अपनाते हैं, लेकिन संघर्ष को समाप्त करने में उनकी दिलचस्पी है। मुझे लगता है कि मेरा यह बात सीधे तौर पर कहना मेरा कर्तव्य है। हम पीएम मोदी के विचारों के लिए उनके आभारी हैं।

पश्चिम देश बढ़ा रहे तनाव

पुतिन ने पश्चिमी देशों और यूरोप पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश आने वाले वर्षों में रूस के साथ युद्ध की तैयारी की बात कर रहे हैं, बाल्टिक सागर में सैन्य अभ्यास कर रहे हैं और रूसी जहाजों को जब्त कर रहे हैं। उन्होंने उन दावों को भी बेतुका बताया, जिनमें कहा जा रहा है कि रूस किसी अन्य देश पर हमला कर सकता है या ड्रोन और तोड़फोड़ के जरिये अस्थिरता फैलाने वाली गतिविधियां बढ़ा सकता है।

परिवहन में संभावना

भारत के साथ आर्थिक गलियारों पर चर्चा जारी

पुतिन ने भारत के साथ परिवहन और आर्थिक सहयोग की संभावनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि रूस ने एक चीनी कंटेनर जहाज और दक्षिण कोरियाई जहाज के साथ पायलट परियोजना की है और भारतीय मित्रों के साथ भी बातचीत चल रही है। रूस इन संभावनाओं वाले अंतरराष्ट्रीय गलियारों के संयुक्त इस्तेमाल के पक्ष में है। पुतिन ने उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे का भी उल्लेख किया और कहा कि इसका विकास केवल रूस पर निर्भर नहीं है। रूस इस परियोजना के लिए ऋण संसाधन उपलब्ध कराने को तैयार है, लेकिन अभी ईरान को अपने हिस्से का काम पूरा करना है। गलियारे का एक हिस्सा अजरबैजान से होकर जाएगा और इस मुद्दे पर राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ संपर्क है। इस मामले में कोई समस्या नहीं है और अजरबैजान भी सहमत है।

हमला हुआ तो करेंगे सभी हथियारों का इस्तेमाल

पुतिन ने कहा कि रूस यूरोपीय देशों पर हमला करने की योजना नहीं बना रहा है, लेकिन अगर रूस के खिलाफ सीधा हमला होता है, जिसमें कालिनिनग्राद या रूस का कोई अन्य क्षेत्र शामिल हो सकता है, तो देश के पास मौजूद सभी हथियारों के इस्तेमाल का सवाल अनिवार्य रूप से और तुरंत सामने आएगा।

भारतीय संस्कृति अन्य के लिए मिसाल

पुतिन ने भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता बेहद सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुछ ऐसा है जो इसे बेहद खास बनाता है। यहां एक तरफ इतनी विविधता और अलग-अलग पहचान हैं, तो दूसरी तरफ एकता भी है।

खबर संक्षेप

कांगो में इबोला से 4000 से अधिक लोगों की मौत

बुनिया। कांगो में इबोला के प्रकोप से मरने वालों की संख्या 4,000 के पार पहुंच गई है और अधिकारियों के सामने वायरस के प्रसार को रोकने की चुनौती बनी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक इबोला के 8,300 पुष्ट मामलों में 4,018 लोगों की मौत हो चुकी है। यह संख्या पुष्ट मामलों की लगभग आधी है और इसे इतिहास में इबोला का सबसे तेजी से फैलने वाला प्रकोप बताया जा रहा है। कांगो ने 15 मई को इस प्रकोप की घोषणा की थी। यह दुर्लभ बुंडिबुग्यो वायरस के कारण हुआ है, जिसके लिए अभी कोई ज्ञात उपचार या टीका उपलब्ध नहीं है।



सागर कवच अभ्यास में 4800 ने दिखाई ताकत

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने एक ओर देश की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ा समुद्री अभ्यास किया है। उन्होंने महाराष्ट्र और गोवा के तट पर यह संयुक्त तटीय सुरक्षा अभ्यास 'सागर कवच' सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह अभ्यास दो दिन चला और अभ्यास में 4,800 से अधिक सुरक्षा और संबंधित एजेंसियों के कर्मियों, समुद्री जहाजों और विमानों ने हिस्सा लिया। इस पूरे अभ्यास का उद्देश्य देश की बहुस्तरीय तटीय सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को परखना था। इसके तहत समुद्र के रास्ते संदिग्ध घुसपैठ जैसी परिस्थितियां बनाई गईं।

भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास

तरनतारन में 2 पाक घुसपैठिए ढेर, चेतावनी के बाद फायरिंग


सीमा पर बीएसएफ फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ तरनतारन

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर खालड़ा क्षेत्र में गुरुवार देर रात घुसपैठ की बड़ी कोशिश को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने नाकाम कर दिया। राजोके बीओपी के पास भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने का प्रयास कर रहे दो घुसपैठियों को बीएसएफ जवानों ने मार गिराया। दोनों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 12:35 बजे राजोके बीओपी पर तैनात बीएसएफ जवानों को सीमा पार से संदिग्ध गतिविधि महसूस हुई। नाइट विजन कैमरों के माध्यम से निगरानी करने पर जवानों ने पाकिस्तान की तरफ से तीन से चार संदिग्ध व्यक्तियों को भारतीय क्षेत्र की ओर बढ़ते देखा।

- सुरक्षा बलों द्वारा पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू

शव कब्जे में लिए पहचान नहीं हो पाई

कार्रवाई के बाद दोनों के शवों को सुरक्षा बलों ने कब्जे में ले लिया। उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्रारंभिक तौर पर दोनों के पाकिस्तान से संबंधित होने की बात सामने आ रही है, लेकिन बीएसएफ की ओर से इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। अधिकारियों ने मामले की जानकारी पाकिस्तानी रेंजर्स को भी दी है। सीमा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से ड्रोन के माध्यम से नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियां इस घटना को भी तस्करी के संभावित एंगल से जांच रही हैं। सूत्रों के अनुसार, आशंका है कि मारे गए घुसपैठिए नशे या हथियारों की तस्करी से जुड़े हो सकते हैं। हालांकि, बीएसएफ अधिकारियों ने इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

सुप्रीम कोर्ट ने 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर संसदीय समिति के साथ बैठक रद्द की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 6 अक्टूबर को संसदीय समिति के साथ प्रस्तावित 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर होने वाली बैठक को रद्द कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा करना 'उचित या वांछनीय' नहीं हो सकता है, इसलिए यह बैठक रद्द की जाती है। बता दें कि बैठक को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और सांसद कपिल सिब्बल ने इस पर आपत्ति जताई थी। चुनाव आयोग ने 28 सितंबर को एक ईमेल से भारत के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों के साथ 'अनौपचारिक बातचीत' का अनुरोध किया था, जिसे उसने 'स्थानीय अध्ययन यात्रा' बताया था। यह अनुरोध विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी मामलों के विभाग से भेजा गया था।

अमेरिका में जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारत-फ्रांस के बीच चर्चा

व्यापार-निवेश सहयोग को नई गति देने पर बनी सहमति, एफटीए को भी आगे बढ़ाएंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका में आयोजित जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के दौरान फ्रांस के विदेश व्यापार और आर्थिक आकर्षण मामलों के मंत्री निकोलस फोरिसिएर के साथ मुलाकात कर दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश सहयोग को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने बताया कि बैठक में भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्य फोकस भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (इंडिया-ईयू एफटीए) को आगे बढ़ाने, भारत में एयरोस्पेस विनिर्माण सहयोग का विस्तार करने, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के एकीकरण और संयुक्त नवाचार पहलों को बढ़ावा देने पर रहा। उन्होंने कहा कि वह इस वर्ष के अंत में फ्रांसीसी मंत्री के भारत दौरे का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जहां दोनों देश द्विपक्षीय आर्थिक एजेंडा को आगे बढ़ाने पर और विस्तार से चर्चा करेंगे।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि चर्चा का मुख्य फोकस भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (इंडिया-ईयू एफटीए) को आगे बढ़ाने, भारत में एयरोस्पेस विनिर्माण सहयोग का विस्तार करने, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के एकीकरण और संयुक्त नवाचार पहलों को बढ़ावा देने पर रहा

आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल फ्रांस के मंत्री निकोलस फोरिसिएर के साथ चर्चा करते हुए

बैठकों में वैश्विक आर्थिक साझेदारी पर जोर

ये बैठकें जी20 सम्मेलन के दौरान गोयल की अन्य प्रमुख वैश्विक नेताओं के साथ हुई चर्चाओं के बाद हुईं। इन बैठकों में मुक्त व्यापार समझौते, निवेश प्रवाह, बाजार पहुंच, डब्ल्यूटीओ सुधार, तकनीकी सहयोग और वैश्विक आर्थिक साझेदारी जैसे विषयों पर चर्चा हुई। अर्थव्यवस्थाओं और क्षेत्रीय समूहों के साथ अपने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर, यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस शेफचोविच, ब्राजील के विदेश मंत्री मॉरो विएरा, मेक्सिको के अर्थव्यवस्था सचिव मार्सेलो एब्रार्ड और पोलैंड के वित्त एवं अर्थव्यवस्था मंत्री आंद्रेज डोमांस्की सहित कई नेताओं से भी मुलाकात की।

सऊदी अरब और दक्षिण कोरिया के मंत्री से की मुलाकात


माजिद कसाबी, गोयल

गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल-कसाबी के साथ भी मुलाकात की। इस बैठक में प्रस्तावित भारत-गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) मुक्त व्यापार समझौते और व्यापार एवं निवेश सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा हुई। दक्षिण कोरिया के व्यापार मंत्री पार्क जंग-सुंग के साथ हुई बैठक में भारत-दक्षिण कोरिया सीईपीए को अपग्रेड करने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। वार्ता के दौरान संतुलित व्यापार वृद्धि, भारतीय कृषि, फार्मास्यूटिकल और समुद्री उत्पादों की बेहतर बाजार पहुंच तथा भारत में दक्षिण कोरियाई विनिर्माण निवेश बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

कनाडा के साथ सीईपीए पर समीक्षा


मनींदर सिद्धू, गोयल

पीयूष गोयल ने कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनींदर सिद्धू के साथ भी बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के बीच प्रस्तावित कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीईपीए) पर चल रही वार्ताओं की समीक्षा की गई। दोनों पक्षों ने बातचीत को तेज करने और वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के साझा लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता दोहराई।


ट्रंप और मोदी फाइल फोटो

भारत-यूएस व्यापार समझौता

राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी जल्द करेंगे एक और वार्ता

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौते पर तुरंत किसी फैसले के आसार नहीं है, हालांकि दोनों पक्षों ने उन पेचीदा मुद्दों या बाधाओं की पहचान कर ली है जिन्हें सुलझाया जाना बाकी है। मिलवॉकी में ग्रीर ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी व्यापार समझौते की प्रगति की समीक्षा के लिए बहुत जल्द एक बार फिर फोन पर बातचीत कर सकते हैं। ग्रीर ने कहा कि मंत्री गोयल और मेरे बीच सार्थक बातचीत हुई है। चूंकि हमारी टीम इस समय यहीं देश में मौजूद हैं, इसलिए उनके बीच बैठकों का दौर जारी है। हम भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

महिला 'साहूकारों' के घर सहकार विभाग व पुलिस की बड़ी कार्रवाई

दो बहनों के घर मिली अकूत दौलत 13 लाख कैश और 88 किलो चांदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के वाशिम में साहूकारी के खिलाफ सहकार विभाग और पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां लखाला इलाके में रहने वाली दो सगी बहनों के घर पर छापेमारी के दौरान 13 लाख रुपये नकद और करीब 2 करोड़ रुपये कीमत की 88 किलो चांदी बरामद हुई। टीम ने कई ब्लैंक चेक, कई कोरे बॉन्ड, साहूकारी के लेनदेन से जुड़े रजिस्टर और दूसरे दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

ब्लैंक चेक व कोरे बॉण्ड की बरामदगी अहम

कार्रवाई के दौरान टीम को घर से बड़ी मात्रा में नकदी और चांदी मिली। इस कार्रवाई में ब्लैंक चेक और कोरे बॉन्ड की बरामदगी भी अहम मानी जा रही है। ये दस्तावेज किस-किस व्यक्ति से जुड़े हैं और इनका इस्तेमाल किस तरह किया जाता था, इसकी जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। इसके अलावा दूसरे दस्तावेज का पंचनामा किए जाने के बाद उन्हें जब्त कर लिया गया।



पूरे नेटवर्क का पता लगाने जुटा प्रशासन

प्रशासन का कहना है कि ऐसी गतिविधियों की जानकारी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब जांच एजेंसियां बरामद रजिस्टर, चेक और बॉन्ड की पड़ताल कर यह पता लगाने में जुटी हैं कि कथित साहूकारी का नेटवर्क कितना बड़ा था और इन दस्तावेजों में किन लोगों के लेनदेन दर्ज हैं।

क्या है पूरा मामला

मामला वाशिम के लखाला परिसर का है। अलका वायेचाल और प्रिया वायेचाल नाम की दो सगी बहनों के खिलाफ सब रजिस्ट्रार कार्यालय में शिकायत की गई थी। शिकायत में दोनों पर अवैध तरीके से साहूकारी करने का आरोप लगाया गया। शिकायत मिलने के बाद सब रजिस्ट्रार ने इसकी जानकारी जिला प्रशासन को दी। इसके बाद जिला अधिकारी की देखरेख में सहकार विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमें बनाई गईं। टीमों ने दोनों महिलाओं के घरों पर कार्रवाई की गई।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी का असर

ईरान पर नए हमलों की तैयारी, अमेरिका ने 9000 सैनिक पश्चिम एशिया भेजे

वॉशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर धमकी दी है कि ईरान पर अमेरिका के नए सिरे से हमले हो सकते हैं।


राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

उन्होंने कहा कि अमेरिका में तीन नवंबर के चुनाव के बाद ईरान में बमबारी बढ़ाना संभव है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अपनी रणनीति के बारे में ज्यादा नहीं बता सकते। इसी के मद्देनजर ट्रंप प्रशासन करीब नौ हजार सैनिकों को जहाजों के एक समूह के जरिये पश्चिम एशिया भेज रहा है। एक अमेरिकी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पश्चिम एशिया की ओर जा रहे जहाजों के इस समूह में 7,000 से ज्यादा नौसैनिक और मरीन कॉर्प्स के 2,000 सैनिक हैं। इस समूह में यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट विमानवाहक पोत का स्ट्राइक ग्रुप शामिल है। यह हाल ही में यूएसएस चोसिन क्रूजर के साथ रवाना हुआ था। इसमें यूएसएस मेकिन आइलैंड एम्फीबियस रेडीनेस ग्रुप भी शामिल है।

लद्दाख की बंजर धरती में महकेगी 'केसर'

4 हजार वर्गमीटर में रोपे गए 90 हजार ईरानी कंद


(इनसेट में) रोपाई करते वीके सक्सेना

लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अब बड़े पैमाने पर केसर की खेती शुरू करने का प्रयोग किया जा रहा है। उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने 'एक्स' पर शुक्रवार को लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि लद्दाख में पहली बार बड़े पैमाने पर केसर की खेती शुरू करने के लिए एक महत्वाकांक्षी प्रयोग किया जा रहा है। इस बुवाई अभियान का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया। उन्होंने कहा कि स्पितुक फारका के कमांड एरिया में गेट नंबर-27 के पास करीब 4,000 वर्गमीटर जमीन पर 90 हजार उच्च गुणवत्ता वाले ईरानी केसर के कंद रोपे गए हैं। इन कंदों का कुल वजन करीब 800 किलो है।

1 करोड़ की रंगदारी के लिए गोल्डी बराड़ के नाम पर दुबई से धमकी

दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, फायरिंग की साजिश नाकाम, 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने 1 करोड़ की रंगदारी मांगने वाले एक कथित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक इस नेटवर्क के तार दुबई और भारत से जुड़े हैं और इसमें गोल्डी बराड़ गैंग के नाम का इस्तेमाल कर दिल्ली के कारोबारियों को धमकाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि रंगदारी नहीं देने पर पीड़ित के घर पर कई राउंड फायरिंग करने की साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया गया।



दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

4 शूटर्स में से 3 की तलाश जारी, एक काबू

जांच में चार संदिग्ध शूटर्स के नाम सामने आए हैं। इनमें दो पानीपत और दो मुजफ्फरनगर के खालापार इलाके के बताए जा रहे हैं। ये सभी फिलहाल वांछित हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, तितवाड़ा निवासी पुलिस ने एक अन्य आरोपी नवाब अली उर्फ सोनिज को भी गिरफ्तार किया है। वह मुजफ्फरनगर के खालापार का रहने वाला है और पुलिस के मुताबिक उन चार वांछित शूटर्स में से एक था, जिन्हें कथित तौर पर फायरिंग के लिए लगाया गया था।

मुख्य साजिशकर्ता भी पकड़ाया

जांच के दौरान पुलिस को तितवाड़ा निवासी मुबारिक उर्फ गुल्लू की भूमिका भी सामने आई। मुबारिक ने पूरी साजिश रची और सह-आरोपी आरिफ को जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई। मुबारिक शिकायतकर्ता के कारोबारी साझेदार दिलशाद का सगा भाई है। उसने शूटर्स के लिए दिल्ली के किराड़ी इलाके में ठहरने की व्यवस्था की थी और कमरे का किराया भी दिया था।

दुबई से आरिश ने दी थी धमकी

यह है पूरा मामला

दिल्ली पुलिस के मुताबिक 16 सितंबर 2026 की रात करीब 8 बजकर 15 मिनट पर शिकायतकर्ता प्रवीन जैन के मोबाइल पर तीन मिस्ड कॉल आईं। इसके बाद रात करीब 9 बजकर 27 मिनट पर उनके बेटे आयुष को संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के एक मोबाइल नंबर से कॉल आई।

इस मामले में 17 सितंबर 2026 को एफआईआर दर्ज करने के बाद रोहिणी स्थित थाना रूप नगर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान कुछ डिजिटल अकाउंट्स के तार यूएई से जुड़े मिले। इन तकनीकी सुरागों के आधार पर पुलिस ने अबूजर नाम के एक व्यक्ति की गतिविधियों की जांच की। पुलिस के मुताबिक अबूजर 13 जून 2026 को दुबई गया था। इसके अलावा दुबई में उस्मान की सिम के इस्तेमाल और एक मोबाइल हैंडसेट के आईएमईआई से भी जांच को आगे बढ़ाने में मदद मिली।

एक आरोपी गुजरात से अरेस्ट : जांच में शामली के रसूलपुर गुजरान निवासी आरिफ उर्फ पिस्टल का नाम भी सामने आया। आरिफ ने आरिश को धमकी भरी कॉल करने के लिए मोटी रकम देने की पेशकश की और उसे हरियाणवी भाषा में बात करने के लिए कहा, ताकि दुबई से की जा रही कॉल दिल्ली में किसी स्थानीय अपराधी की कॉल लगे।

अमेरिकी एयरबेस पर हुई बड़ी सुरक्षा चूक

ब्रिटिश-ईरानी नागरिक गिरफ्तार 'आतंकवादी' साजिश का शक



लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड में अमेरिका द्वारा संचालित एक एयरबेस के पास हुई सुरक्षा घटना की जांच के सिलसिले में ब्रिटिश पुलिस ने ब्रिटेन और ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले 27 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस पर आतंकवादी हमले की साजिश रचने के संदेह में कार्रवाई की है। व्यक्ति को गुरुवार को लंदन में गिरफ्तार किया गया। इसके बाद ब्रिटेन की राजधानी में दो ठिकानों की तलाशी ली गई। यह मामला रॉयल एयर फोर्स यानी आरएएफ फेयरफोर्ड में सप्ताहांत के दौरान हुई सुरक्षा घटना से जुड़ा है। इस एयरबेस का इस्तेमाल अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने ईरान पर हमले के लिए किया है। रविवार को आरएएफ फेयरफोर्ड के पास व्हेलफोर्ड गांव में पुलिस को सूचना मिलने के बाद 20 साल की उम्र के पांच ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28